उज्जैन
गुरुवार
02
जुलाई, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-239
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▸ थार गाड़ी नाले में गिरी, लोगों ने परिवार को बचाया

7 ▸ भारत-इंग्लैंड पहला टी-20 बारिश की वजह से बेनतीजा रहा

## बड़ी राहत : एस श्रीसंत से हटाया गया तीन साल का प्रतिबंध

**तिरुवनंतपुरम।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज एस. श्रीसंत को आखिरकार बड़ी राहत मिल गई। केरल क्रिकेट संघ (केसीए) ने उन पर लगाया गया तीन वर्ष का प्रतिबंध वापस लेने का फैसला किया है. संघ की विशेष आम सभा की बैठक में यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। केसीए ने बताया कि श्रीसंत द्वारा संगठन के खिलाफ की गई टिप्पणियों पर बिना शर्त माफी मांगने और खेद व्यक्त करने के बाद प्रतिबंध हटाने का फैसला किया गया है। केरल क्रिकेट संघ की ओर से जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, विशेष आम सभा की बैठक में श्रीसंत की ओर से भेजे गए बिना शर्त माफीनामे पर विस्तार से विचार किया गया। बैठक में सदस्यों ने इस बात पर सहमति जताई कि चूंकि पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने अपने बयान पर खेद व्यक्त किया है और भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न बनने का आश्वासन दिया है, इसलिए उन पर लगाया गया प्रतिबंध समाप्त किया जाना उचित होगा।

## ईरान 6 अरब डॉलर के फ्रीज-फंड से जरूरी सामान खरीदेगा

**तेल अवीव।** ईरान ने बुधवार को कहा कि अमेरिका-ईरान समझौते के तहत जारी होने वाली 6 अरब डॉलर की फ्रीज संपत्तियों का एक हिस्सा जरूरी सामान खरीदने में इस्तेमाल किया जाएगा। इस पर कतर की राजधानी दोहा में हुई बैठक में सहमति बनी। ईरान के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने बताया कि कतर के अधिकारियों के साथ बैठक में तय हुआ कि ईरान अपनी जरूरत के मुताबिक सामान खरीदेगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अमेरिका ने लेबनान में युद्ध रोकने समेत समझौते की कुछ शर्तों का पालन नहीं किया। बैठक में यह भी फैसला हुआ कि समझौते के उल्लंघन की निगरानी के लिए गुरुवार तक एक अलग कमेटी बनाई जाएगी, जहां किसी भी उल्लंघन की आधिकारिक शिकायत दर्ज की जा सकेगी।

## 7 किलो ग्राम तक का बैग हो तो इंडिगो में सस्ता टिकट

**नई दिल्ली।** इंडिगो ने केबिन बैग यानी हाथ में ले जाने वाले बैग के साथ सफर करने वाले पैसेंजर्स के लिए एक नया और सस्ता किराया 'इंडिगो लाइट' लॉन्च किया है। इस बैग में 7 किलोग्राम सामान ले जाया जा सकेगा। कंपनी ने यह कदम हवाई टिकटों की शुरूआती कीमतें कम करने के लिए उठाया है, ताकि बड़े सामान के बिना चलने वाले यात्रियों को कम पैसे देने पड़े। इंडिगो भारत की सबसे बड़ी घरेलू एयरलाइन कंपनी है। पिछले महीने एयर इंडिया ने भी उन यात्रियों के लिए एक बेसिक इकोनॉमी किराया शुरू किया था, जिन्हें फ्लाइट में मुफ्त खाना नहीं चाहिए और वे कम खर्च में सफर करना चाहते हैं।

## 30 दिन जेल में रहे तो पीएम-सीएम की कुर्सी जाएगी

**नई दिल्ली।** अगर कोई प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री या राज्य मंत्री किसी गंभीर अपराध के मामले में गिरफ्तार होने के बाद लगातार 30 दिन तक न्यायिक हिरासत में रहता है, तो उन्हें पद छोड़ना पड़ सकता है। इससे जुड़े बिलों को सरकार मानसून सत्र में दोबारा पेश कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक 130वें संविधान संशोधन बिल पर बनी संसद की संयुक्त संसदीय समिति इससे जुड़े प्रावधानों को हटाने के पक्ष में नहीं है। समिति 17 जुलाई को अपनी रिपोर्ट को मंजूरी दे सकती है। गृहमंत्री अमित शाह ने इससे जुड़े 3 बिलों को पिछले मानसून सत्र में संसद के दोनों सदनों में रखा था, जिसके बाद इसे इन्हें जेपीसी को भेजने का प्रस्ताव मंजूर कर लिया गया था।

## न्यूयॉर्क की एम्पायर स्टेट बिल्डिंग पर चढ़ा कपल, प्रपोज किया, दोनों गिरफ्तार

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में एक कपल सुरक्षा व्यवस्था को चकमा देकर एम्पायर स्टेट बिल्डिंग की चोटी पर चढ़ गया। दोनों ने वहां व्हेन द पावर ऑफ लव बीट्स द लव ऑफ पावर, द वर्ल्ड नोज पीस लिखा बैनर लहराया और फिर एक-दूसरे को प्रपोज किया। इस पूरी घटना की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। इसके बाद पुलिस और इमरजेंसी सर्विस के जवान सीढ़ियों के जरिए दोनों तक पहुंचे और उन्हें सुरक्षित नीचे उतारा। एंजेला निकोलाउ और इवान कुजनेत्सोव के खिलाफ सेंधमारी, अवैध घुसपैठ, लापरवाही से जान खतरे में डालने और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने समेत कई धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि दोनों प्रतिबंधित इलाके तक कैसे पहुंचे।

## कीव पर रूसी ड्रोन-मिसाइल हमले में कम से कम 10 की मौत

**कीव।** रूस ने गुरुवार तड़के यूक्रेन की राजधानी कीव पर बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल हमला किया। यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक हमले में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि बच्चों समेत बड़ी संख्या में लोग घायल हुए हैं। शहर के कई रिहायशी इलाकों में आग लग गई और इमारतों, वाहनों व अन्य नागरिक ढांचों को भारी नुकसान पहुंचा। कीव के मेयर विताली क्लिचको ने बताया कि मृतकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। अधिकारियों के अनुसार कई इलाकों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

# कोचिंग संस्कृति पर कसता शिकंजा

### उज्जैन से लेकर देशभर में बदलाव की तैयारी, प्रवेश परीक्षाओं के पैटर्न में भी होगा सुधार

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

देशभर में कोचिंग संस्थानों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के बढ़ते मानसिक तनाव, आत्महत्या की घटनाओं, डमी स्कूलों की बढ़ती प्रवृत्ति और सुरक्षा संबंधी खामियों को लेकर केंद्र सरकार गंभीर हो गई है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए केंद्र सरकार कोचिंग सेक्टर को विनियमित (रेगुलेट) करने हेतु राष्ट्रीय कानून बनाने और जेईई, नीट-यूजी तथा सीयूईटी-यूजी जैसी प्रमुख प्रवेश परीक्षाओं के स्वरूप में बदलाव करने पर विचार कर रही है।

शिक्षा मंत्रालय द्वारा गठित नौ सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति ने अपनी सिफारिशों में कहा है कि प्रवेश परीक्षाओं का ढांचा ऐसा बनाया जाए, जिससे निजी कोचिंग पर विद्यार्थियों की निर्भरता कम हो और स्कूल आधारित शिक्षा को अधिक महत्व मिले। उज्जैन सहित मध्यप्रदेश के प्रमुख शहरों-इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर और सागर-में भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बड़ी संख्या में विद्यार्थी कोचिंग संस्थानों का रुख करते हैं। उज्जैन में भी मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं के लिए कई कोचिंग संस्थान संचालित हैं, जहां जिले के अलावा आसपास के क्षेत्रों से भी विद्यार्थी अध्ययन के लिए आते हैं। ऐसे में केंद्र सरकार की प्रस्तावित पहल का असर उज्जैन के विद्यार्थियों और अभिभावकों पर भी सीधे तौर पर पड़ेगा। प्रदेश में पिछले कुछ वर्षों में प्रतियोगी परीक्षाओं की बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण कोचिंग संस्कृति तेजी से विस्तारित हुई है। कई विद्यार्थी नियमित स्कूलों की बजाय डमी स्कूलों में नामांकन लेकर पूरा समय कोचिंग को देते हैं। शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि इससे विद्यार्थियों का समग्र विकास प्रभावित होता है और उन पर मानसिक दबाव भी बढ़ता है।

#### आत्महत्या की घटनाओं ने इस मुद्दे को राष्ट्रीय बहस का विषय बना दिया

देशभर में विशेष रूप से कोटा जैसे कोचिंग हब में विद्यार्थियों की आत्महत्या की घटनाओं ने इस मुद्दे को राष्ट्रीय बहस का विषय बना दिया है। इसके बाद केंद्र और विभिन्न राज्य सरकारों ने कोचिंग संस्थानों के संचालन, छात्र सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य परामर्श और फीस संबंधी नियमों को लेकर कई कदम उठाए हैं। अब प्रस्तावित राष्ट्रीय कानून इन व्यवस्थाओं को एक समान और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

#### छात्रों को भी समान अवसर मिल सकेगा

समिति ने सुझाव दिया है कि प्रवेश परीक्षाओं का प्रश्नपत्र अधिक कॉन्सेप्ट आधारित, स्कूल पाठ्यक्रम केंद्रित और विश्लेषणात्मक बनाया जाए, ताकि केवल कोचिंग आधारित तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को अतिरिक्त लाभ न मिले। इससे विद्यालयों में नियमित अध्ययन करने वाले छात्रों को भी समान अवसर मिल सकेगा।

#### केंद्र सरकार द्वारा समिति की सिफारिशों पर विचार किया जा रहा

शिक्षा जगत के जानकारों का मानना है कि यदि राष्ट्रीय स्तर पर कोचिंग संस्थानों के लिए स्पष्ट नियम लागू होते हैं और प्रवेश परीक्षाओं में सुधार किया जाता है, तो इससे विद्यार्थियों पर अनावश्यक दबाव कम होगा, स्कूल शिक्षा मजबूत होगी और शिक्षा व्यवस्था अधिक संतुलित एवं छात्र हितैषी बन सकेगी। केंद्र सरकार द्वारा समिति की सिफारिशों पर विचार किया जा रहा है। प्रस्तावों को अंतिम रूप मिलने के बाद देशभर के साथ-साथ मध्यप्रदेश और उज्जैन के हजारों विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा कोचिंग संस्थानों पर भी इसका व्यापक प्रभाव देखने को मिल सकता है।

## जापान की पीएम ताकाइची राष्ट्रपति भवन पहुंची

### गार्ड ऑफ ऑनर से स्वागत, आज मोदी से निवेश और सुरक्षा सहयोग द्विपक्षीय चर्चा होगी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

जापान की प्रधानमंत्री सानाए ताकाइची का गुरुवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया गया। इस दौरान उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी स्वागत समारोह में मौजूद रहे।

ताकाइची आज प्रधानमंत्री मोदी के साथ भारत-जापान की 16वीं वार्षिक शिखर बैठक में हिस्सा लेंगी। दोनों नेताओं के बीच निवेश, व्यापार, सेमीकंडक्टर, क्रिटिकल मिनरल्स, रक्षा, समुद्री सुरक्षा और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी। यह प्रधानमंत्री बनने के बाद ताकाइची का पहला भारत दौरा है। दोनों देशों के बीच रणनीतिक और आर्थिक साझेदारी को और मजबूत करने पर भी बातचीत होने की उम्मीद है। भारत और जापान व्यापार में अमेरिकी डॉलर की भूमिका कम करने की तैयारी कर रहे हैं। निक्की एशिया की रिपोर्ट के मुताबिक दोनों देश ऐसी व्यवस्था बनाने पर काम कर रहे हैं, जिससे कारोबार का भुगतान सीधे भारतीय रुपए और जापानी येन में हो सके। इस प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची की नई दिल्ली में होने वाली बैठक के बाद ऐलान किया जा सकता है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा

# विभाजन के बाद भारत आए लोग शरणार्थी नहीं



### उन्होंने संपत्ति नहीं, देश चुना, भारत को एक रखने की लड़ाई हम सब हार गए थे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नागपुर**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि 1947 के विभाजन के बाद पाकिस्तान से भारत आने वाले लोगों को शरणार्थी कहना सही नहीं है। वे 'संघर्ष के योद्धा' थे, जिन्होंने कई पीढ़ियों की बनाई जमीन, कारोबार और संपत्ति छोड़कर भारत को चुना।

उन्होंने कहा कि ये लोग इसलिए भारत आए, क्योंकि यहां बिना डर अपने धर्म का पालन कर सकते थे। भारत को एक रखने की लड़ाई हम सब हार गए थे, लेकिन उन्होंने अपना विश्वास नहीं छोड़ा। भागवत ने बुधवार को नागपुर में सिंधु एजुकेशन सोसाइटी के 75वें स्थापना दिवस समारोह में ये बातें कही। इसी दौरान फ्रार ने 10 से 12 जुलाई तक कर्नाटक के बेलगावी में होने वाली अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक का भी ऐलान किया। शिक्षा का मकसद केवल रोजगार नहीं, अच्छे इंसान बनाना है। सही-गलत की पहचान सिर्फ किताबों से नहीं, बल्कि शिक्षकों के व्यवहार और उनके दिए संस्कारों से भी होती है। इसाान के हालात या किस्मत के सामने हार नहीं माननी चाहिए। मुश्किलों से लड़ने वाला ही आगे बढ़ता है, जबकि चुनौतियों से भागने वाला पहले ही हार मान लेता है। प्रचारकों के जीवन पर आधारित 100 वीडियो जारी करेंगे।

#### 'सनमार्ग माइंड वेलनेस सेंटर' का उद्घाटन करेंगे

आरएसएस के शताब्दी वर्ष कार्यक्रमों के तहत भागवत शुक्रवार को प्रचारकों के जीवन पर आधारित 100 वीडियो जारी करेंगे। इसी दिन 'डॉ. हेडगेवार : आधुनिक युग के शालिवाहन' शीर्षक यूट्यूब वीडियो का सार्वजनिक प्रसारण भी होगा। 5 जुलाई को वे नागपुर में 'सनमार्ग माइंड वेलनेस सेंटर' का उद्घाटन करेंगे। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भी शामिल होंगे।

अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में

## आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलाने की तैयारी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ अयोध्या**

अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में अब ट्रस्ट के सदस्यों के बीच आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गए हैं। पहली बार राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी महंत दिनेंद्र दास महाराज ने पूर्व पदाधिकारी गोपाल राव पर आरोप लगाए।

उन्होंने कहा- पूरी गलती गोपाल राव की है। वे राजनीति कर रहे हैं। वो सबको उलझा देते हैं। वो राम की परंपरा नहीं मानते। गोपाल राव राम मंदिर के निर्माण प्रभारी और ट्रस्ट के आमंत्रित सदस्य थे। मूल रूप से कर्नाटक के रहने वाले हैं।

सूत्रों के मुताबिक, चढ़ावा चोरी के आरोपियों के खिलाफ सरकार सख्त एक्शन लेने जा रही है। प्रशासन ने आरोपियों के नए घरों पर बुलडोजर चलाने की तैयारी शुरू कर दी है। अयोध्या विकास प्राधिकरण ने ऐसे घरों की पहचान कर ली है, जिनका नक्शा पास नहीं है या जिन्होंने नियम तोड़े। उन आरोपियों के घर रडार पर हैं, जो उन्होंने मंदिर में नौकरी के बाद बनवाए। आरोपी लवकुश मिश्रा का शहादतगंज में बन रहा मकान और अनुकल्प मिश्रा का कौशल पुरी स्थित मकान पर बुलडोजर चल सकता है। अयोध्या विकास प्राधिकरण यानी अऊअ आज ही इनको नोटिस भेज सकती है।

**ट्रस्टी महंत दिनेंद्र दास बोले- गलती गोपाल राव की, वह राम परंपरा नहीं मानते**

तिर्मठ में भारी बारिश

## पगनो गांव में घर में घुसा मलबा, दो बुजुर्ग फंसे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ ज्योतिर्मठ**

उत्तराखंड में मानसून की तेज बारिश अब आफत बन रही है। चमोली जिले के ज्योतिर्मठ क्षेत्र में मलबा कुछ घरों मेंं भारी मलबा घुस गया। वहीं बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग बंद होने से चारधाम यात्रा भी प्रभावित हुई और कई वाहन रास्ते में फंस गए।

चमोली जिले के ज्योतिर्मठ क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया है। पगनो गांव में मलबा आवासीय क्षेत्र में घुसने से दो बुजुर्ग अपने घर में फंस गए। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए सतेश्वर प्रसाद और सीता देवी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। स्थानीय निवासी बदरी प्रसाद सुंदरियाल ने बताया कि भारी बारिश के कारण गांव की फसलों को भी काफी नुकसान पहुंचा है। उधर, देर रात से जारी बारिश के चलते बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पागल नाला के पास मलबा आने से बंद हो गया है। हाईवे के दोनों ओर कई यात्रा वाहन फंस गए हैं और तीर्थयात्री सड़क खुलने का इंतजार कर रहे हैं। प्रशासन मार्ग खोलने के प्रयास में जुटा हुआ है।

एमपी के बालाघाट में

## बारिश से मकान की दीवार ढही, मलबे में दबे 3 मजदूर

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ बालाघाट**

मध्य प्रदेश के बालाघाट में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बीच बुधवार देर शाम एक बड़ा हादसा हो गया। कोतवाली थाना क्षेत्र के राम मंदिर गली में निर्माणाधीन भवन के बेसमेंट में काम कर रहे तीन मजदूर अचानक बगल के कच्चे मकान की दीवार ढहने से मलबे में दब गए।

सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर तीनों मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाला। सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां एक मजदूर की हालत गंभीर होने पर उसे गोंदिया रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार, हर्षित पगाड़िया के निर्माणाधीन भवन में बेसमेंट का कार्य चल रहा था। बुधवार शाम करीब 6 बजे लगातार हो रही बारिश के कारण पास स्थित कच्चे मकान की दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। हादसे के समय बेसमेंट में कार्य कर रहे नीलेश नगपुरे (23) निवासी नवेगांव, चैतराम सौलखे (35) निवासी नैतरा तथा मानिक मचाड़े (48) निवासी तिलपेवाड़ा मलबे में दब गए।

## चट्टान खिसकने से बिहार के सात मजदूरों की मौत, कई घायल

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु से दर्दनाक खबर सामने आई है। गुरुवार सुबह बेंगलुरु साउथ तालुक के मादापट्टना इलाके में एक पत्थर की खदान में एक विशालकाय चट्टान ढह गई। हादसे में बिहार के रहने वाले 7 मजदूरों की मलबे में दबकर मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई अन्य मजदूर घायल हो गए हैं। पुलिस के मुताबिक, यह हादसा सुबह-सुबह उस समय हुआ जब मजदूर खदान में पत्थर तोड़ने और खुदाई के काम में लगे हुए थे। वहां मौजूद एक मजदूर ने बताया कि साइट पर करीब 18 लोग काम कर रहे थे, तभी अचानक लगभग 40 फीट की ऊंचाई से एक बहुत बड़ी चट्टान मजदूरों के ऊपर आ गिरी, सभी मृतक दिहाड़ी मजदूर थे।

## शिप्रा नदी में डूबर रहे श्रद्धालु को एसडीआरफ जवान ने सुरक्षित निकाला

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

रामघाट डीआरसी थाना महाकाल के अंतर्गत यूपी से आए तीन श्रद्धालु रामघाट पर चौकी के सामने शिप्रा नदी में स्नान कर रहे थे। इसी दौरान एक श्रद्धालु गहरे पानी में जाने से डूबने लगा। उसे बचाने के लिए हर्ष भी आगे बढ़े, लेकिन वे भी गहरे पानी में जाने पर डूबने लगे। घटना की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ जवान राजेंद्र डाबी एवं बनेसिंह ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत नदी में छलांग लगाई और रेस्क्यू कार्य शुरू किया। जवानों द्वारा सर्वप्रथम प्रभात को सुरक्षित बाहर निकाला गया, तत्पश्चात हर्ष को भी सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

# डे-केयर में बच्चे को बाथरूम में बंद किया

### वॉशिंग मशीन में बैठाया, टॉयलेट जेट से पानी डाला, नामी कैपजैमिनी कंपनी का सेंटर

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ बेंगलुरु**

बेंगलुरु में आईटी कंपनी कैपजेमिनी के एचएएल कैंपस में चल रहे डे-केयर सेंटर में 2-3 साल के बच्चे के साथ बदसलूकी का मामला सामने आया है। सेंटर के कुछ वीडिया वायरल हैं, जिसमें यहां का महिला स्टाफ एक बच्चे से गलत व्यवहार करता दिख रहा है।

वीडियो में बच्चा टॉयलेट में बंद है, फर्श पर लेटा हुआ है और जोरों से रो रहा है। एक महिला बच्चे के बिलखने का वीडियो बना रही है। एक और वीडियो में महिला बच्चे को टॉयलेट सीट पर बैठाकर उसके मुंह पर जेट स्प्रे से पानी डाल रही है।

इसके अलावा बच्चे को फ्रंट लोड वॉशिंग मशीन के ड्रम में बैठाकर रखा गया है। उसके डराया जा रहा है, बच्चा रो रहा है। बताया गया कि डे-केयर के वीडियो 29 जून को वायरल हुए।

सेंटर की पुष्टि होने की बाद पुलिस ने 5 महिला केयरगिवर के खिलाफ केस दर्ज किया। हालांकि, कितने बच्चों के साथ गलत व्यवहार हुआ इसकी डिटेल सामने नहीं आई है।

कर्नाटक राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने भी मामले का संज्ञान लिया है। आयोग अधिकारियों से रिपोर्ट मांगेगा और अपने स्तर पर जांच करेगा।

- **कंपनी ने डे-केयर सेंटर बंद किया-** कैपजेमिनी ने कहा कि कर्मचारियों और उनके परिवारों की सुरक्षा उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। कंपनी जांच एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग कर रही है। एहतियात के तौर पर बेंगलुरु स्थित ऑन-कैंपस डे-केयर सेंटर को फिलहाल अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है।
- **50 से ज्यादा देशों में फैली हैं कंपनी-** कैपजेमिनी दुनिया की बड़ी क्ष्ळ कंपनियों में शामिल है। इसका हेडक्वॉर्टर फ्रांस की राजधानी पेरिस में है। कंपनी सॉफ्टवेयर, क्लाउड, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सिक्योरिटी और कंसल्टिंग से जुड़ी सेवाएं देती है। इसके ऑफिस 50 से ज्यादा देशों में है। दुनियाभर में करीब 3.5 लाख कर्मचारी काम करते हैं। भारत में बेंगलुरु, पुणे, मुंबई, हैदराबाद, चेन्नई, गुरुग्राम, नोएडा और कोलकाता समेत कई शहरों में इसके बड़े ऑफिस हैं।

#### पुलिस बोली- बच्चों के माता-पिता आईटी प्रोफेशनल

डीसीपी सैदुलु अडावथ ने कहा कि डे-केयर में आने वाले बच्चे कैंपस में काम करने वाले प्रोफेशनल्स के हैं, जिन्हें उनके माता-पिता ड्यूटी के दौरान यहां छोड़ते थे। वीडियो देखकर माता-पिता और अधिकारी दोनों हैरान रह गए। बच्चों के साथ जिस तरह का व्यवहार किया गया, वह बेहद गंभीर है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि डे-केयर सेंटर का संचालन सीधे कैपजेमिनी कर रही थी या कंपनी परिसर में किसी बाहरी एजेंसी को इसकी जिम्मेदारी दी गई थी। पांचों महिला कर्मचारियों से पूछताछ कर रही है। अभी तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## सांता क्लॉज नाम का 75 वर्षीय व्यक्ति पुलिस के स्टिंग में गिरफ्तार

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ लुइसियाना**

अमेरिका के लुइसियाना राज्य में खुद का नाम कानूनी रूप से 'सांता क्लॉज' रखने वाले 75 वर्षीय व्यक्ति को नाबालिग समझे गए 15 वर्षीय लड़के से यौन संबंध बनाने के इरादे से मिलने पहुंचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। आरोपी पुलिस के अंडरकवर साइबर स्टिंग ऑपरेशन में पकड़ा गया। केनर पुलिस के अनुसार आरोपी, जिसका पूर्व नाम जॉर्ज क्विगली था, ने एक डेटिंग ऐप के जरिए उस व्यक्ति से संपर्क किया, जिसे वह 15 वर्षीय लड़का समझ रहा था। जांच के मुताबिक दोनों के बीच कथित तौर पर यौन संबंध बनाने को लेकर अश्लील संदेशों का आदान-प्रदान हुआ। बाद में केनर में मिलने का समय और स्थान तय किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी जैसे ही तय स्थान पर पहुंचा, उसे बिना किसी विरोध के गिरफ्तार कर लिया गया। उसके खिलाफ कंप्यूटर के जरिए नाबालिग को बहलाने-फुसलाने और किशोर के साथ अशोभनीय व्यवहार से जुड़े आरोप दर्ज किए गए हैं।



## खबर एक नजर...

### 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत लगाए पौधे

**उज्जैन।** शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन में नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा पौधारोपण के साथ किया गया। 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में वट, आम एवं आंवला के पौधे रोपित किए गए। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने नवप्रवेशित छात्राओं का स्वागत करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रत्येक व्यक्ति को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज रोपे गए पौधे जिस प्रकार समय के साथ विकसित होकर वृक्ष बनेंगे, उसी प्रकार महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाली छात्राएँ भी ज्ञान, संस्कार और व्यक्तित्व के विकास के साथ समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगी। उन्होंने छात्राओं से इन पौधों के संरक्षण का संकल्प भी दिलाया।

### चिकित्सक दिवस पर टीबी मरीजों को बांटी 50 पोषण किट

**उज्जैन।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर आज्ञा सामाजिक कल्याण समिति की ओर से क्षय (टीबी) रोगियों को 50 पोषण किट वितरित की गई। यह सेवा कार्य संस्था अध्यक्ष महेंद्र सिंह राजपूत की माता स्व. भूरी बाई राजपूत की स्मृति में किया गया। संस्था के सचिव डॉ. प्रिंस कुशवाहा ने जिला क्षय अधिकारी डॉ. अरुण कुशवाहा के मार्गदर्शन में मरीजों को किट प्रदान की। पोषण किट में मरीजों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए चना, मूंगफली, गुड़ और दलिया जैसी पौष्टिक सामग्री शामिल थी। इस दौरान मरीजों को जागरूक करते हुए बताया गया कि नियमित दवाई और सही आहार से टीबी रोग को पूरी तरह से ठीक किया जा सकता है। चिकित्सक दिवस के उपलक्ष्य में सेवा भारती के मनीष बैरागी ने उपस्थित चिकित्सकों का स्वागत व सम्मान किया। इस अवसर पर चरक अस्पताल और जिला क्षय विभाग का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### वैदिक मंगलाचरण से संस्कृत कॉलेज में दीक्षारंभ

**उज्जैन।** शासकीय संस्कृत महाविद्यालय में बुधवार को वैदिक मंगलाचरण और दीप प्रज्वलन के साथ नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत हुई। नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत और मार्गदर्शन के लिए महाविद्यालय में तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया जा रहा है, जो 3 जुलाई तक चलेगा। प्राचार्य डॉ. सीमा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित समारोह के पहले दिन नए विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. श्रेयस कोरान्ने ने विद्यार्थियों को संस्थान की स्थापना, उपलब्धियों, शैक्षणिक गतिविधियों, नियमों और सुविधाओं से अवगत कराया। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट, बहुविषयक शिक्षा, कौशल विकास, इंटर्नशिप और रोजगारोन्मुखी अवसरों की विस्तृत जानकारी दी।

### पर्यावरण संतुलन हर नागरिक का कर्तव्य, शहर अध्यक्ष के नेतृत्व में लगाए पौधे

**उज्जैन।** पूर्व कांग्रेस पार्षद और ओबीसी के राष्ट्रीय को-ऑर्डिनेटर देवव्रत यादव के जन्मदिन के अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया। इस दौरान कार्यकताओं ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पौधारोपण के अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने कहा कि आज के इस दौर में पर्यावरण संतुलन अति आवश्यक है। हम सभी नागरिकों का यह प्राथमिक कर्तव्य होना चाहिए कि हम अपने जीवन में पर्यावरण संतुलन को महत्व दें। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोहर बैरागी, अभिषेक शर्मा, आनंद मीणा, संचित शर्मा, अर्पित यादव, अरुण सिसोदिया, मुकेश यादव, योगेश दायमा, करण सूर्यवंशी, मयूर तिनखेड़े और आभास उपाध्याय सहित कई क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

### सम्राट विक्रमादित्य विवि में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ी, अब 20 जुलाई तक मौका

**उज्जैन।** सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार अब विद्यार्थी 20 जुलाई 2026 तक एडमिशन ले सकेंगे। प्रवेश से वंचित रह गए विद्यार्थियों के लिए विश्वविद्यालय का यह निर्णय बड़ी राहत है। कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा द्वारा जारी आदेश के मुताबिक स्नातक, स्नातकोत्तर, प्रमाण पत्र, डिप्लोमा और पीजी डिप्लोमा के प्रथम वर्ष या सेमेस्टर में सीयूईटी एवं सीधे प्रवेश की तिथि बढ़ाई गई है। इसके साथ ही फामेर्सी संस्थान में एम.फार्मा, बी.फार्मा लेटरल एंट्री और डी.फार्मा की रिक्त सीटों पर भी अब 20 जुलाई तक प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी विस्तृत जानकारी के लिए देवास रोड स्थित विश्राम भवन के सामने संबंधित अध्ययनशाला, संस्थान या विभाग में संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट विक्रमयूनिव डॉट एसी डॉट इन पर भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। सहायक कुलसचिव अकादमिक श्री चेनराम पंवार के अनुसार पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन और शुल्क जमा करने की प्रक्रिया एमपी ऑनलाइन के माध्यम से पूरी की जा सकेगी।

# 22 वर्षों से जारी है सेवा, 100 निराश्रित बुजुर्गों को बांटा 10-10 किलो गेहूं

## युवा मंच सत्संग समिति का आयोजन, हाउसिंग बोर्ड व विकास प्राधिकरण अध्यक्ष हुए शामिल

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

युवा मंच सत्संग समिति के तत्वावधान में पिछले 22 वर्षों से चल रहे अन्नदान प्रकल्प के तहत बुधवार 1 जुलाई को 100 निराश्रित बुजुर्गों को निःशुल्क गेहूं का वितरण किया गया। पंचक्रोशी यात्रा के प्रथम व अंतिम पड़ाव स्थल हीरा मिल परिसर जीरो पॉइंट ब्रिज के पास स्थित हिरदेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रत्येक बुजुर्ग को 10-10 किलो गेहूं प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मप्र हाउसिंग बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष ओम जैन और उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी उपस्थित थे। विशेष अतिथि के रूप में मंच के वरिष्ठ प्रेम सेन और लीलाधर आरतियां मौजूद रहे। इस दौरान शयन आरती भक्त मंडल के अध्यक्ष महेंद्र कटियार द्वारा बुजुर्गों को ओआरएस घोल का वितरण भी किया गया। साथ ही लायंस क्लब उज्जैन महाकाल के अध्यक्ष नरेंद्र राठी का साफा बांधकर सम्मान करते हुए उनका जन्मदिन मनाया गया।



मंच प्रवक्ता अजीत मंगलम ने बताया कि जुलाई माह के वितरण में लीलाधर आरतियां ने 3000 रुपये, राजेंद्र गादिया व कमलेश सिरोदिया ने 1100-1100 रुपये, कल्पना कातरे ने 1000 रुपये और गीताबेन ने 300 रुपये की नकद सहायता दी। वहीं बालकृष्ण खंडेलवाल ने एक क्विंटल और रोशन चौधरी ने 30 किलो गेहूं का सहयोग प्रदान किया।

अतिथियों का स्वागत युवा मंच सत्संग समिति के अध्यक्ष मनोहर परमार, उपाध्यक्ष महेश सोनोने, फूलचंद जड़िया, राजेश श्रीवास, सचिव विजय तिवारी, सह सचिव पारस कुमार जैन, कोषाध्यक्ष ओम हरोड, कार्यालय प्रभारी धर्मेंद्र जैन, किशोर भाटी, संयोजक विट्ठल नागर व लीलाधर आरतियां ने किया।

अन्नदान गेहूं वितरण समिति के संयोजक राजेश राणा, दादा सिंह, अध्यक्ष शिवनारायण जागीरदार, उपाध्यक्ष वीरेंद्र परमार, महेश गुप्ता, विश्वकर्मा समाज प्रमुख व सचिव अशोक शर्मा, सह सचिव पं. संतोष शर्मा, कोषाध्यक्ष बाबूलाल मारोठिया व अशोक कपूर उपस्थित रहे। इसी तरह युवा मानव सेवा समिति के संयोजक रितेश वर्मा, अध्यक्ष डॉ. सागर मारोठिया, उपाध्यक्ष अनिल पांचाल, अर्जुन माली, सचिव लोकेंद्र रामी, सह सचिव अनिल लश्करी, रोशन चौधरी, कोषाध्यक्ष नरेंद्र डोडिया, संगठन मंत्री अमित दुबे व दिनेश परमार ने सहभागिता की।

महिला मंच सत्संग समिति की संयोजक गीताबेन रामी, अध्यक्ष लक्ष्मी लश्करी, उपाध्यक्ष भारती गुप्ता, योगिता आर्य, सचिव व पार्षद प्रेमलता रामी, सह सचिव नीता आतिया, नीता राठौर, कोषाध्यक्ष संतोष भारद्वाज, संगठन महामंत्री पिंकी यादव, कविता राय सहित लायंस क्लब के सचिव कैलाश डागा और चंद्रगुप्त ने भी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में मूलचंद राठौर, अनिल हरोड, ओमप्रकाश बरबेला, हेमराज परमार, कुलदीप धारिया, राजू लश्करी, संजय शुक्ला, सतीश पेंटर और दीपक राव का विशेष सहयोग रहा। संचालन अजीत मंगलम ने किया और अंत में मंच के संस्थापक गोपाल बागरवाल ने सभी अतिथियों व दानदाताओं का आभार माना।

## संवाद से खिलते हैं संस्कार, बच्चों और अभिभावकों ने सीखे पारिवारिक खुशियों के गुर

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

श्री राजेंद्र जैन ज्ञान मंदिर नमकमंडी में दादा गुरुदेव श्रीमदविजय राजेन्द्र सूरीश्वर जी के जन्म द्विशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 'युगपुरुष का युगोत्सव' मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में त्रिस्तुतिक श्रीसंघ और परिषद परिवार नमकमंडी द्वारा मोतीमहल धर्मशाला में एक दिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया। अखिल भारतीय श्री राजेंद्र जैन बहु परिषद के संयोजन में हुए इस सेमिनार का विषय 'संवाद से संस्कार एवं संवाद से ही घर-परिवार' था, जिसमें भोपाल से आईं मुख्य वक्ता ने जनरेशन गैप और वर्तमान परिस्थितियों में खुशहाल परिवार के तरीके बताए।

कार्यक्रम में भोपाल की काउंसलर, हिप्नोथेरेपिस्ट, पैरेंटिंग कोच और जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड में कार्यरत हर्षना वोहरा ने 'बातों से बने रिश्ते, संवाद से खिले संस्कार' की भावना को बढ़ावा देने पर जोर दिया। सेमिनार का शुभारंभ श्रीसंघ के संरक्षक व पूर्व विधायक पारस जैन, अध्यक्ष मदनलाल रूनवाल, सचिव संजय कोठारी, एमआईसी सदस्य रजत मेहता, महिला परिषद की वरिष्ठ सदस्य गुणमाला नाहर और बहु परिषद अध्यक्ष प्रमिला तल्लेरा ने दीप प्रज्वलित कर किया। मंगलाचरण प्रिया कंकरेचा और नीलू गिरिया ने प्रस्तुत किया। कार्यशाला मुख्य रूप से दो सत्रों में हुई। प्रथम सत्र में 200 बच्चों ने हिस्सा लिया। उन्हें बच्चों के चुप रहने के कारण, मोबाइल बनाम पारिवारिक संवाद, डांट की जगह संवाद का महत्व और किशोरावस्था की भावनाओं जैसे विषयों पर जानकारी दी गई।

# चिकित्सक दिवस पर माधव क्लब में डॉक्टरों का सम्मान, विशेषज्ञों ने दिए सेहत के टिप्स

## मोतियों की माला और श्रीफल से हुआ अभिनंदन

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर श्री माधव क्लब के स्विमिंग पूल परिसर में शहर के सेवाभावी चिकित्सकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। क्लब के सचिव और सदस्यों ने डॉक्टरों को मोती की माला और श्रीफल भेंट कर उनकी सेवाओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इस दौरान उपस्थित चिकित्सकों ने बारिश के मौसम में बीमारियों से बचाव और स्वस्थ रहने के सुझाव भी साझा किए।



समारोह में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सुधीर गवारिकर ने कहा कि निरोगी रहने के लिए हर महिला-पुरुष को अपनी व्यस्त दिनचर्या से समय निकालकर नियमित रूप से लगभग एक घंटे व्यायाम जरूर करना चाहिए। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. नीरज गुप्ता और डॉ. लोकेश तेजवानी ने बताया कि बारिश के मौसम में छोटे बच्चों पर वायरल फीवर और सर्दी-जुकाम का अत्यधिक असर होता है। ऐसे में बच्चों का विशेष ध्यान रखें और उन्हें भीड़ वाले क्षेत्रों में ले जाने या बारिश में भीगने से बचाएं। वहीं, प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप चौरसिया ने मानसून में आंखों में जलन, आंखें आना और खुजली जैसी बीमारियों से बचाव के उपाय बताए।

माधव क्लब के वरिष्ठ सदस्य एवं स्विमिंग पूल प्रबंध समिति के सदस्य सुनील हुकमचंद कछवाय ने बताया कि क्लब के सचिव कैलाश माहेश्वरी और सदस्यों द्वारा डॉ. सुधीर गवारिकर, डॉ. संदीप चौरसिया, डॉ. नीरज गुप्ता, डॉ. राकेश सोनकर, डॉ. लोकेश तेजवानी, डॉ. जितेंद्र भटनागर और डॉ. जुझार हुसैन का आत्मीय सम्मान किया गया। इस अवसर पर क्लब के मांगीलाल बाहेती, प्रकाश मोटवानी, विष्णु गोयल, राकेश दीक्षित, रितेश धारीवाल, वीके गोयल, प्रदीप सोमानी, आनंद अग्रवाल, आनंद गहलोत और अजीत सिंह ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित थे।

## मूसा आजम खान बने प्रदेश महासचिव, समर्थकों ने आतिशबाजी कर मनाया जश्न

**उज्जैन।** शाजापुर जिले में कांग्रेस संगठन को और अधिक धारदार बनाने तथा कार्यकताओं में नई ऊर्जा का संचार करने के लिए पार्टी आलाकमान ने एक बड़ा संगठनात्मक दांव खेला है। शाजापुर के जाने-माने चेहरे सरदार मूसा आजम खान का सियासी कद बढ़ाते हुए, उन्हें मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नगरीय निकाय प्रकोष्ठ में प्रदेश महासचिव के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया गया है। इस ऐलान के साथ ही समर्थकों में भारी उत्साह है। राजनीतिक गलियारों में इस नियुक्ति को शाजापुर के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक निशंक जैन द्वारा इस संबंध में नियुक्ति पत्र जारी किया गया है। यह अहम फैसला सीधे मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशों पर लिया गया है, जिसमें संगठन महासचिव डॉ. संजय कामले और प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह चौहान की पूर्ण सहमति शामिल है। पार्टी नेतृत्व ने स्पष्ट किया है कि उन्हें खान से यह पूरी उम्मीद है कि वे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी की नीतियों और विजन को पूरे प्रदेश में मजबूती से लागू करेंगे। इधर, जैसे ही मूसा आजम खान को प्रदेश महासचिव बनाए जाने की खबर शाजापुर पहुंची, उनके समर्थकों और स्थानीय कांग्रेसजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों ने इस खबर का स्वागत ढोल-नगाड़ों की थाप और आसमान छूती आतिशबाजी के साथ किया। शहर में जगह-जगह जश्न का माहौल रहा और कार्यकताओं ने एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाकर बधाइयां दीं।

# दीक्षारंभ, कुमकुम लगाकर हुआ नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत

## शिक्षकों ने दिया लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय में 1 जुलाई से नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर विद्यार्थियों का कुमकुम और चंदन लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया तथा उन्हें महाविद्यालय की उपलब्धियों से अवगत कराया गया। समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो. हरीश व्यास ने कहा कि विद्यार्थी ही महाविद्यालय के प्राण हैं और उनका उत्कर्ष ही संस्था का उत्कर्ष है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि महाविद्यालय विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य और करियर निर्माण के लिए उन्हें सदैव प्रेरित करता रहेगा। प्रशासनिक अधिकारी डॉ. आर.के. तिवारी ने विद्यार्थियों को अनुशासित जीवन जीने का संदेश दिया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. शशि जोशी ने कहा कि मातृ संस्था के प्रति निष्ठा, शिक्षकों का आदर और लक्ष्य के प्रति दृढ़ संकल्प ही विद्यार्थी जीवन का मूलमंत्र है।

### आगामी दिनों में होंगे ये आयोजन

समारोह के आगामी दिनों में नए विद्यार्थियों को महाविद्यालय का परिचय देने के साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति, एनसीसी, एनएसएस, परीक्षा प्रणाली, विषय चयन, पर्यावरण संरक्षण, मतदाता जागरूकता, छात्रवृत्ति की जानकारी और नवाचार जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां दी जाएंगी। अंतिम दिन विद्यार्थियों को पूरे महाविद्यालय का भ्रमण कराया जाएगा और नवप्रवेशित विद्यार्थियों द्वारा पौधारोपण भी किया जाएगा। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना कीर्ति सोनटक्के द्वारा प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, अतिथि विद्वान और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सार्वजनिक क्षेत्र को बचाए रखना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी

# एआईआईईए का प्लैटिनम जुबली समारोह, 75 वर्षों के संघर्ष व उपलब्धियों पर हुआ मंथन

### उज्जैन-2 और सीएबी शाखा का संयुक्त आयोजन

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

ऑल इंडिया इंश्योरेंस एम्प्लॉईज एसोसिएशन के स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने पर उज्जैन-2 और सीएबी शाखा द्वारा संयुक्त रूप से प्लैटिनम जुबली समारोह का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने संगठन के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान परिवेश में सार्वजनिक क्षेत्र को बचाए रखने को सभी की सबसे बड़ी जिम्मेदारी बताया।




कार्यक्रम में इंश्योरेंस एम्प्लॉईज यूनियन के संयुक्त सचिव कुलदीप सिंह क्षत्रिय ने सभा को संबोधित करते हुए पिछले 75 वर्षों में संगठन के संघर्ष, उपलब्धियों और बीमा उद्योग के सामने मौजूद चुनौतियों का विस्तार से उल्लेख किया। समारोह में उज्जैन-2 और सीएबी शाखा के समस्त कर्मचारी, अधिकारी, पेंशनर्स, अभिकर्ता, बिरादराना संगठनों के प्रतिनिधि और अस्थायी कर्मचारियों सहित कुल 82 लोगों ने उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर पेंशनर्स एसोसिएशन के सदस्यों का विशेष रूप से सम्मान और स्वागत किया गया। स्वागत भाषण प्रकाश बंगार ने दिया।

समारोह को पेंशनर्स एसोसिएशन के बीएल जैन, कुमुद जवखेडकर, प्रदीप पारनेकर, किशोर मावलंकर, बैंक एसोसिएशन के यूएस छाबड़ा, क्लास 1 फेडरेशन के सुधीर रावल और प्रवीण सरालकर ने भी संबोधित किया। लियाफी से गणेश उपाध्याय, वैभव भक्त, रवींद्र भारद्वाज, वेलफेयर एसोसिएशन के मोहन सिंह हिंगोले, उज्जैन-2 के शाखा प्रबंधक परसराम मिश्रा और सीएबी के शाखा प्रबंधक चंद्रकांत नागपूरे ने स्थापना दिवस पर अपने विचार रखते हुए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम का सफल संचालन दीपिका सक्सेना ने किया। आभार अमित मिश्रा ने माना। अंत में स्नेह भोज के साथ समारोह का समापन हुआ।

## शिशु मंदिर स्कूल में हुआ सर्व प्रयास सामाजिक संस्था का आयोजन

# जरूरतमंद बच्चों को बांटी शिक्षण सामग्री, 60 पितृ विहीन बालिकाओं का उठाया जिम्मा

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

सर्व प्रयास सामाजिक संस्था की उज्जैन शाखा द्वारा शिशु मंदिर स्कूल में शिक्षण सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बाल संस्कार केंद्र के आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद बच्चों को स्कूल बैग, कॉपियां, पेन, कंपास बॉक्स और बिस्किट वितरित किए गए।



संस्था की उज्जैन प्रभारी निर्मला शर्मा ने बताया कि संस्था ने 60 ऐसी बालिकाओं के भरण-पोषण की जिम्मेदारी ले रखी है, जिनके पिता नहीं हैं। संस्था द्वारा इन बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, त्योहार और विवाह तक में आर्थिक मदद की जाती है। इसके अलावा महिला सशक्तिकरण के तहत महिलाओं को सिलाई, ब्यूटी पार्लर और मेहंदी का प्रशिक्षण दिया जाता है तथा रोजगार के लिए सिलाई मशीन भी भेंट की जाती है। संस्था की नागदा, उज्जैन, महिदपुर सिटी, घट्टिया, घोसला, खाचरौद, महिदपुर रोड और गुजरात के वडोदरा में शाखाएं हैं। इनसे देशभर की सैकड़ों महिलाएं जुड़कर जरूरतमंद बच्चों की मदद कर रही हैं।

मीडिया प्रभारी मीना पंड्या ने बताया कि कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में संस्था की संस्थापक एवं अध्यक्ष ज्योति शर्मा बृजवासी, संस्थापक एवं महासचिव कुमुद पायल ओझा, विद्यालय की प्राचार्य प्रतिभा, अनुराधा गुर्जर, संगीता भारद्वाज, अनीता पंड्या और चेतना उपाध्याय मंचासीन थीं। कार्यक्रम का संचालन रीना मकवाना ने किया। आयोजन को सफल बनाने में सह प्रभारी शशि धूत, संगठन मंत्री मीना पंड्या, सह संगठन मंत्री स्वाति तारे, उषा जाट, शोभा, मेघना, भारती, संतोष भारद्वाज, अनीता शर्मा, मनोरमा सोनी, हंसा तिलोरिया, पुष्पा शर्मा, भारती भारद्वाज और प्रियंका मकवाना का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बालिकाएं और अभिभावक उपस्थित रहे।

# यूएन विमेन ने सराहा मप्र का सुरक्षित पर्यटन मॉडल, उज्जैन की भी रही सहभागिता

## भोपाल में प्रशिक्षित बेटियों से विदेशी प्रतिनिधिमंडल ने किया संवाद, सीएम के विजन की हुई वैश्विक तारीफ

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा विजन के तहत चल रही 'महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन स्थल' परियोजना को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली है। भोपाल में आयोजित विशेष सत्र में यूएन विमेन इंडिया की कंट्री रिप्रेजेंटेटिव शोको इशिकावा ने इस मॉडल की तारीफ की। इस महत्वपूर्ण बैठक में उज्जैन को प्राथमिकता देते हुए उज्जैन संकुल की संस्था 'सेंटर फॉर एडवांस रिसर्च एंड डेवलपमेंट' कार्ड की परियोजना समन्वयक अमृता चतुर्वेदी ने भी विशेष रूप से सहभागिता की।

सत्र के दौरान शोको इशिकावा ने परियोजना के तहत प्रशिक्षित बालिकाओं से सीधा संवाद कर उनके अनुभव और उपलब्धियां जानीं। उन्होंने बालिकाओं के आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और कौशल की तारीफ करते हुए कहा कि यह पहल सुरक्षित और समावेशी पर्यटन के वैश्विक दृष्टिकोण को साकार करने का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी ही इस परियोजना की सबसे बड़ी ताकत है।

### देश का सबसे सुरक्षित राज्य बनाने का लक्ष्य

बैठक की अध्यक्षता करते हुए मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड के अपर प्रबंध संचालक अभय अरविंद बेडेकर ने कहा कि हमारा लक्ष्य राज्य को महिला पर्यटकों के लिए देश का सबसे सुरक्षित और संवेदनशील गंतव्य बनाना है। प्रदेश में सुरक्षा, कौशल विकास और सामुदायिक सहभागिता से महिलाओं के लिए नए अवसर बन रहे हैं। मप्र पर्यटन बोर्ड भोपाल से जेंडर एडवाइजर डॉ. आलोक चौबे और डॉ. रंजना मिश्रा भी बैठक में मौजूद रहे।

संवाद के दौरान परियोजना से जुड़ी महिलाओं और बालिकाओं ने अतिथियों को अपने हाथ से निर्मित स्मृति चिन्ह, फैब्रिक ज्वेलरी और फेंगशुई कलाकृतियां भेंट कीं। इन उत्पादों ने स्थानीय कला के साथ यह भी दशार्या कि महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। यह परियोजना भारत सरकार के निर्भया कोष और मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड के माध्यम से संचालित है। इसका मुख्य उद्देश्य पर्यटन स्थलों पर सुरक्षित वातावरण तैयार करने के साथ महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ना है। स्व-सहायता समूहों और स्थानीय समुदायों का एक सशक्त नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। जमीनी स्तर पर आए इन सकारात्मक बदलावों के बाद अब देश के अन्य राज्य भी मध्य प्रदेश के इस सफल मॉडल का अनुसरण करेंगे।

उज्जैन
गुरुवार
02
जुलाई, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

मूढ़ जहीहि धनागमतृष्णाम्, कुरु सद्बुद्धिमं मनसि वितृष्णाम्।
यल्लभसे निजकर्मोपात्तम्, वित्तं तेन विनोदय चित्तं ॥

**अर्थ:** हे मोहित बुद्धि! धन एकत्र करने के लोभ को त्यागो। अपने मन से इन समस्त कामनाओं का त्याग करो। सत्यता के पथ का अनुसरण करो, अपने परिश्रम से जो धन प्राप्त हो उससे ही अपने मन को प्रसन्न रखो।

## खबर एक नजर...

### इंदौर में आज कई इलाकों में कम दबाव से होगी पानी की सप्लाई

**इंदौर।** विद्युत फॉल्ट के कारण बड़वाह-जलूद में बिजली आपूर्ति बाधित होने से वाटर पंप बंद हो गए हैं, जिससे नर्मदा जलापूर्ति प्रभावित होने की संभावना है। 132 केवी बड़वाह विद्युत लाइन में खराबी आने के कारण नर्मदा परियोजना के फेज-1, फेज-2 और फेज-3 के सभी पंप बंद हो गए हैं। इसके चलते नर्मदा से भरी जाने वाली सभी पानी की टंकियों का भराव प्रभावित होगा। इसका असर 2 जुलाई (गुरुवार) को होने वाली जलापूर्ति पर पड़ेगा। नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने मध्य प्रदेश विद्युत मंडल के बड़वाह क्षेत्र के अधिकारियों से फोन पर चर्चा कर बिजली आपूर्ति जल्द बहाल करने के निर्देश दिए हैं।

### महू में बाइक कट मारने पर युवक को मारा चाकू

**इंदौर।** महू में सोमवार शाम गेटवेल अस्पताल के पास बाइक कट मारने को लेकर हुए विवाद में एक 18 साल के युवक को चाकू मार दिया गया। युवक के पेट में चाकू लगने से उसकी हालत गंभीर बनी हुई है, उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, चोरल डेम के रहने वाले गोलू पिता जगदीश (18 वर्ष) सोमवार शाम करीब 6:30 बजे इंदौर से अपने घर लौट रहे थे। गेटवेल अस्पताल के सामने उनकी बाइक से कट लगने को लेकर दो दूसरे बाइक सवार युवकों से उनकी कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर एक आरोपी ने गोलू के पेट में चाकू घोंप दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के तुरंत बाद वहां मौजूद अरुण गावड़े और उनके भाई ने घायल युवक को संभाला और तुरंत अस्पताल ले गए, जहां उसका इलाज चल रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाल रही है ताकि हमलावरों की पहचान जल्द से जल्द की जा सके।

### हेरिटेज ट्रेन अगस्त में फिर शुरू होगी, बारिश में पर्यटकों को सौगात

**इंदौर।** महू के पातालपानी-कालाकुंड के बीच चलने वाली प्रदेश की एकमात्र हेरिटेज ट्रैक स्पेशल ट्रेन अगस्त की शुरुआत में फिर से शुरू हो सकती है। पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक (जीएम) रामाश्रय पांडेय ने बुधवार को ट्रैक का निरीक्षण किया, जिसके बाद इसके जल्द संचालन की उम्मीद बढ़ गई है। ट्रैक पर उन्नयन और मरम्मत कार्यों के कारण संचालन को लेकर अनिश्चितता थी। जीएम पांडेय ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पूरे हेरिटेज ट्रैक का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्थाओं, ट्रैक की स्थिति और चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान रतलाम मंडल के डीआरएम अश्वनी कुमार समेत कई वरिष्ठ रेलवे अधिकारी उपस्थित थे। अधिकारियों ने उन्नयन कार्यों की समीक्षा की और शेष कार्यों को निर्धारित समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण दल ने पातालपानी रेलवे स्टेशन के नवनिर्मित भवन का भी अवलोकन किया। उन्होंने स्टेशन परिसर में विकसित किए जा रहे हेरिटेज भवन, यात्री प्रतीक्षालय, प्लेटफॉर्म और अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। संबंधित अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट ली गई और यात्रियों को बेहतर तथा सुरक्षित सुविधाएं प्रदान करने पर विशेष जोर दिया गया।

### नाबालिग से रेप का आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

**इंदौर।** पीथमपुर के सागौर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक नाबालिग लड़की के अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ नए कानून भारतीय न्याय संहिता और पॉक्सो एक्ट की गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना 30 जून की है। नाबालिग पीड़िता ने अपने परिजनों के साथ सागौर थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़िता ने बताया कि आरोपी दीपक (21 वर्ष), पिता संजय भाभर, निवासी ग्राम खेड़ा, उसे बहला-फुसलाकर एक सुनसान जगह ले गया। वहां उसने पीड़िता के साथ मारपीट की और दुष्कर्म किया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 113/2026 दर्ज किया। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) (अपहरण), 65(1) (नाबालिग से दुष्कर्म), 115(2) (मारपीट) और पॉक्सो एक्ट की धारा 5(छ)/6 एवं 3/4 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए, वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर सागौर थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने पीड़िता के बयान दर्ज किए और आरोपी की तलाश में दबिश दी। पुलिस ने आरोपी दीपक भाभर को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसके बाद उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। इस मामले का त्वरित खुलासा करने में सागौर थाना प्रभारी उप निरीक्षक प्रकाश सरोदे, सहायक उपनिरीक्षक धर्मेंद्र श्रीवास्तव, सउनि राजेश सिलोरिया, प्रधान आरक्षक मनीष चौधरी और आरक्षक अनिल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। पुलिस द्वारा आरोपी का बाजार में जुलूस भी निकाला गया।


रफ्तार पकड़ने लगा मानसून, इंदौर में शाम को झमाझम बारिश, वार्ड 80 में दुकानों में घुसा पानी, कई सड़कें जलमग्न

# थार गाड़ी नाले में गिरी, लोगों ने परिवार को बचाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में रुका हुआ मानसून एक बार फिर रफ्तार पकड़ने लगा है। बुधवार सुबह मौसम पूरी तरह साफ रहा और दिनभर गर्मी व उमस ने लोगों को परेशान किया। शाम होते-होते मौसम ने करवट ली और शहर के कई हिस्सों में तेज बारिश शुरू हो गई।

वार्ड क्रमांक 80 में बारिश का पानी दुकानों में घुस गया, जबकि कई इलाकों की सड़कें जलमग्न हो गईं। वहींचंदन नगर थाने से लकड़ी पीठे जाने वाली रोड पर एक थार गाड़ी नाले में गिर गई। उस समय पूरा परिवार गाड़ी में था। बस्ती के लोगों ने परिवार को बाहर निकाला। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, अगले एक-दो दिन तक मौसम का यही मिजाज बना रह सकता है।





### इंदौर में 24 घंटे में 11.5 इंच बारिश का रिकॉर्ड

- इंदौर की बात करें तो 24 घंटे में 11.5 इंच बारिश होने का रिकॉर्ड है, जो 27 जुलाई 1913 में हुई थी। वर्ष 1973 को पूरे महीने 30.5 इंच पानी गिरा था। बारिश के चलते यहां भी तापमान में गिरावट देखने को मिलती है। इंदौर में महीने की एवरेज बारिश 12 इंच है। एवरेज 13 दिन यहां बारिश होती है।
- शाम को बादल घिरने के साथ ही शहर में बारिश का दौर शुरू हो गया। कई जगह बादलों की गड़गड़ाहट भी हुई। शाम करीब 6.30 बजे पश्चिम क्षेत्र में तेज बारिश शुरू हुई। जुलाई माह की शुरूआत में बारिश ने लोगों को उमस और गर्मी से राहत दी। वहीं ठंडी हवाओं ने भी लोगों को राहत पहुंचाई।

इससे पहले जून का अंतिम सप्ताह मानसून के अनुरूप नहीं रहा। इस दौरान कहीं बूंदाबांदी, कहीं रिमझिम तो कहीं हल्की बारिश ही होती रही।

:एक स्कूल की मेस के पास नहीं मिला लाइसेंस, काम बंद करवाया

# 3 स्कूलों से फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट ने लिए 22 सैंपल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के एक नामी स्कूल में खाने के बाद तबीयत बिगड़ने के बाद से फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट लगातार स्कूली की चेकिंग कर रहा है।

इसके साथ ही स्कूलों से खाने के सैंपल भी कलेक्ट किए जा रहे है। कलेक्टर के निर्देशन में फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट द्वारा स्कूलों और हॉस्टलों में चलने वाली मेस और कैंटिंनों का विशेष निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के तहत 3 स्कूलों का निरीक्षण कर 22 सैंपल लिए गए। वहीं एक स्कूल में जरूरी खाद्य पंजीयन के अभाव में यहां खाने की गतिविधियां तत्काल प्रभाव से बंद कराई गई है।

बुधवार को डिपार्टमेंट के अधिकारियों ने बिचौली मदार्ना रोड स्थित अग्रवाल पब्लिक स्कूल का दौरा किया। यहां स्कूल मैनेजर कालीचरण तिवारी की मौजूदगी में हॉस्टल मेस का चेक किया, जहां हॉस्टल ने रहने वाले



स्टूडेंट्स के लिए खाना बनाया जाना मिला।

इस दौरान अधिकारियों को पता चला कि मेस का फूड लाइसेंस नहीं है। इसके अलावा खाना बनाने में इस्तेमाल किए जाने वाली पानी की एनएबीएल मान्यता प्राप्त लैब की जांच रिपोर्ट उपलब्ध नहीं पाई गई, फूड हैंडलर्स के मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं थे और कैंपस में इस्तेमाल किए जा रहे चाकू और चॉपिंग बोर्ड को बदलने के लिए कहा गया है।

मौके से पोहा, चना दाल, तुअर दाव, आटा, काबुली चना, राजमा, काला नमक, आयोडाइज्ड नमक, रेड चिली सॉस, सोया सॉस, हल्दी पाउडर और धनिया पाउडर के कुल 12 सैंपल जांच के लिए गए। फूड लाइसेंस न होने के कारण वैध लाइसेंस मिलने तक स्कूल की मेस में संचालित खाद्य गतिविधियां तत्काल प्रभाव से बंद कराई गई।

### इन स्कूलों से भी टीम ने लिए सैंपल

इसके अलावा टीम ने स्कीम नंबर 78 स्थित विबग्योर स्कूल की कैटिंग को चेक किया। इस दौरान कैंपस में साफ-सफाई और खाद्य पदार्थों का रखरखाव ठीक मिला। यहां से चना दाल, मूंग दाल, बेसन, आटा और चावल के कुल 5 सैंपल लिए गए। इसी तरह स्कीम नंबर 78 स्थित सिका हायर सेकेंडरी स्कूल को भी चेक किया। इस दौरान स्कूल की मेस से छोला सब्जी, घी, तुअर दाल, चावल, सोयाबीन तेल के 5 सैंपल लिए गए। इन सभी 22 सैंपलों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण लैब भेजा जा रहा है। टीम ने निरीक्षण के दौरान जरूरी निर्देश भी दिए हैं। वहीं कलेक्टर शिवम वर्मा ने आमजन, पेरेंट्स से अनुरोध किया है कि यदि किसी स्कूल, हॉस्टल या अन्य खाद्य प्रतिष्ठान में खाद्य सुरक्षा संबंधी अनियमितता प्रतीत हो तो उसकी सूचना कलेक्टर हेल्पलाइन नंबर 0731-181, उट हेल्पलाइन, ऋङ्करउङ्गर पोर्टल अथवा अन्य उपलब्ध माध्यमों से दें, ताकि तुरंत जरूरी कार्रवाई की जा सके।

## इंदौर में प्रॉपर्टी कारोबारी ने दी जान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

खुड़ैल क्षेत्र में रहने वाले एक प्रॉपर्टी कारोबारी ने कर्ज से परेशान होकर सल्फास खाकर आत्महत्या कर ली। कारोबारी का शव मंगलवार शाम पिपलादा स्थित हनुमान मंदिर के पीछे कुएं के पास मिला। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मौके से मिले सुसाइड नोट के आधार पर जांच शुरू कर दी है। खुड़ैल पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान बहादुर सिंह (45) पुत्र अतरसिंह परिहार निवासी ग्राम शिवनी के रूप में हुई है। बहादुर सिंह खुड़ैल क्षेत्र के बड़े प्रॉपर्टी कारोबारी थे। परिवार में पत्नी, एक बेटा और एक बेटी हैं, जबकि अन्य परिजन अलग रहते हैं।

पुलिस के मुताबिक बहादुर सिंह मंगलवार सुबह करीब 5 बजे घर से निकल गए थे। करीब 11:30 बजे उन्होंने कुछ दोस्तों को मैसेज किए, जिसमें उन्होंने कर्ज नहीं चुका पाने की बात लिखी और जीवन समाप्त करने की जानकारी दी। मैसेज मिलते ही दोस्तों ने उन्हें कॉल करना शुरू किया और तलाश में जुट गए। लेकिन शाम को उनका शव हनुमान मंदिर के पास मिला। बहादुर सिंह ने सुसाइड नोट में लिखा कि वह अपनी मर्जी से यह कदम उठा रहे हैं। उन्होंने परिवार के लोगों को परेशान नहीं करने की अपील की। नोट में लिखा कि उनका परिवार काफी सुखी था, लेकिन भगवान को कुछ और मंजूर था। उन्होंने अपनी मौत का कारण सिर्फ कर्ज को बताया। उन्होंने लिखा कि वह कर्ज से काफी परेशान हो चुके हैं और अब जीवन समाप्त करना ही उचित समझ रहे हैं। उन्होंने यह भी लिखा कि परिवार को इस बात का आभास नहीं था कि ऐसा कुछ होने वाला है। डायरी में पूरे लेन-देन और हिसाब-किताब की जानकारी लिखी है, जो परिवार को मिल जाएगी। दोस्तों ने बताया कि बहादुर सिंह समाज सेवा से जुड़े रहते थे और हनुमान जी के भक्त थे।

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान

### मोबाइल से मैसेज और कॉल डिटेल डिलीट मिले, प्रेम प्रसंग की आशंका

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के आजाद नगर थाना क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक अपने बड़े भाई के साथ किराए के कमरे में रहता था। मंगलवार दोपहर वह अचानक काम से जल्दी लौट आया और घर में अकेला होने पर यह कदम उठा लिया। रात को मकान मालिक ने उसे फंदे पर लटका देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

आजाद नगर पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान धीरज (25) पुत्र अवतार नारेडा निवासी मूसाखेड़ी के रूप में हुई है। परिजन उसे गंभीर हालत में एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। धीरज मूल रूप से खातेगांव के पलासी गांव का रहने वाला था और इंदौर में अपने बड़े भाई लंकेश के साथ रहता था। वह मजदूरी का काम करता था।

**भाई के काम पर जाने के बाद उठाया कदम-** पुलिस जांच में सामने आया कि मंगलवार दोपहर धीरज जल्दी घर लौट आया था। उस समय उसका भाई लंकेश काम पर गया हुआ था। घर में अकेले रहने के दौरान उसने फांसी लगा ली। रात



को जब मकान मालिक की नजर पड़ी तो घटना की जानकारी पुलिस और परिजनों को दी गई।

**मोबाइल से डिलीट मिले मैसेज और कॉल हिस्ट्री-** परिजनों ने पुलिस को बताया कि धीरज के मोबाइल की जांच करने पर मैसेज और कॉल हिस्ट्री डिलीट मिली है। इसके चलते मामले को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस के मुताबिक प्रारंभिक जांच में मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि आत्महत्या के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस मोबाइल रिकॉर्ड और अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

# एनएचआई के पैचवर्क से हाईवे पर लगा भीषण जाम

### भेरू घाट से क्वाली तक फंसा ट्रैफिक, 10 किलोमीटर तक लगी लंबी कतारें

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर एनएचआई द्वारा किए जा रहे पेचवर्क के दौरान बुधवार शाम को भीषण जाम लग गया। देखते ही देखते भेरू घाट से क्वाली तक करीब 10 किलोमीटर लंबा जाम लग गया, जिससे सैकड़ों वाहन घंटों फंसे रहे।

दोपहर करीब तीन बजे पेचवर्क के कारण वाहनों की रफ्तार धीमी हुई थी, इसी बीच एक वाहन के खराब होने से स्थिति और बिगड़ गई। इसके चलते लेबड़-रतलाम रोड पर भी भारी जाम की स्थिति निर्मित हो गई। सूचना मिलते ही टीआई महेंद्र मकाश्रे और मानपुर थाने का पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने मुंबई की ओर से आने वाले वाहनों को दूसरी लेन से धीरे-धीरे निकालकर देर रात तक ट्रैफिक व्यवस्था को सामान्य किया।



इंदौर में एक बार फिर वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया जाएगा, इसे लेकर एआईसीटीएसल ऑफिस में मीटिंग हुई

# इस बार 21 लाख पेड़ लगाएंगे, हमने पानी की कद्र नहीं की: मंत्री विजयवर्गीय

## लेटर के सवाल पर बोले- चैप्टर ही क्लोज हो गया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में एक बार फिर वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया जाएगा। इसे लेकर बुधवार को एआईसीटीएसल ऑफिस में मीटिंग हुई। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक मधु वर्मा, विधायक महेंद्र हार्डिया, नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल, जलकार्य प्रभारी अभिषेक शर्मा, जनकार्य प्रभारी राजेंद्र राठौर सहित कई जनप्रतिनिधि और नगर निगम के अधिकारी, सामाजिक संगठनों के लोग इसमें शामिल हुए। हालांकि इस मीटिंग में महापौर सहित कई विधायक शामिल नहीं हुए।

इधर, मीटिंग के बाद मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा




कि कैसे हम 21 लाख पेड़ लगा सकते हैं, ये मार्गदर्शन लेने आया था। नगर निगम और सभी शासकीय ऑफिसों से भी सहयोग लेंगे। साथ में एनजीओ के साथ भी चर्चा की है, बाकि सामाजिक संगठन, समाज के साथ बैठेंगे। इस बार 21 लाख पेड़ लगाएंगे और सभी पेड़ जिंदा रहे, इसकी हम कोशिश करेंगे।

**छत का पानी जमीन में उतारें-** उन्होंने कहा कि इंदौर में जिन लोगों के मकान की छत करीब 1500 वर्गफीट है, वे 5 से 7 हजार रुपए खर्च कर छत के बारिश के पानी को जमीन में उतारने की व्यवस्था करें। इससे भूजल स्तर बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था करने वालों को नगर निगम टैक्स में भी छूट देगा। यह पानी भविष्य की पीढ़ियों के काम आएगा। यदि इंदौर को अगले 100 वर्षों तक रहने योग्य बनाना है, तो इसकी तैयारी अभी से करनी होगी। इसी सोच के साथ यह अभियान चलाया जा रहा है।

**पिछली बार वन विभाग ने सहयोग नहीं दिया था-** मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि इस बार वन विभाग ने पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया है। पिछली बार वन विभाग ने सहयोग से हाथ खींच लिया था, लेकिन इस बार विभाग के अधिकारी स्वयं बैठक में आए और पूर्ण सहयोग की बात कही। उन्होंने कहा, "हमने 51 लाख पौधे लगाए। पौधे लगाना और उनकी देखभाल करना इंदौर की जनता ने अपना दायित्व समझा। हम शहरवासियों के आभारी हैं कि वे ऐसे अभियानों में बढ़-चढ़कर सहयोग करते हैं।

मुख्यमंत्री को लिखे गए पत्र के सवाल पर उन्होंने कहा- खत्म हो गया वो तो, चैप्टर ही क्लोज हो गया है।

### देवगुराड़िया के पास की टेकरी पर लगाए जाएंगे 1 से 2 लाख पेड़

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि जिस तरह पिछली बार रेवती रेंज में पौधारोपण कर पितृ पर्वत विकसित किया गया था, उसी तरह अब देवगुराड़िया के पास स्थित एक टेकरी को हराभरा बनाया जाएगा। यहां 1 से 2 लाख पेड़ लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कोशिश रहेगी कि 5 फीट से बड़े पौधे लगाए जाएं, ताकि उनके जीवित रहने (सर्वाइवल) की संभावना अधिक रहे। उन्होंने कहा कि इंदौर को वृक्षारोपण में देश का नंबर-1 शहर बनाया जाएगा।

### 5 से 10 फीट ऊंचे पौधों की मांग

मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि कुछ एनजीओ और औद्योगिक घरानों से उनके सीएसआर के तहत सहयोग मांगा गया है। उनसे 5 से 10 फीट ऊंचे पौधे उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण में पेड़ों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, "एक समय था जब 100 से 150 फीट पर पानी मिल जाता था, लेकिन आज 700 फीट नीचे जाने पर भी पानी नहीं मिल रहा। इसकी वजह यह है कि हमने पानी की कद्र नहीं की और बारिश का पानी बह जाने दिया। अब आर्टिफिशियल वॉटर रिचार्ज पर गंभीरता से काम करना होगा।

# आगरा-मुंबई हाईवे पर 7 घंटे से 25 किमी का जाम, बसों-ट्रकों में भूखे-प्यासे फंसे लोग

## भेरू घाट से मानपुर ब्रिज तक थम गया ट्रैफिक


ब्रह्मास्त्र ›› धार

मध्य प्रदेश के धार जिले में आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर बुधवार शाम 4 बजे से जाम लगा हुआ है। रात 11 बजे तक भी हालात सामान्य नहीं हो सके। भेरू घाट से मानपुर ब्रिज तक करीब 25 किलोमीटर लंबा जाम लगा है। सैकड़ों वाहन करीब 7 घंटे से फंसे हुए हैं। बसों, ट्रकों और निजी कारों में सफर कर रहे बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं उमस, भूख और प्यास से परेशान हैं।

करीब 7 घंटे से यात्री सड़क पर फंसे हुए हैं। सबसे ज्यादा परेशानी लंबी दूरी की बसों के यात्रियों को हो रही है। बसें घंटों से एक ही जगह खड़ी हैं। खाने-पीने का सामान खत्म होने लगा है। निजी वाहनों में बैठे लोग भी गर्मी और उमस से परेशान हैं। हाईवे पर दूर तक वाहनों की कतारें नजर आ रही हैं।

राहगीरों के मुताबिक, घाट वाले हिस्से में सड़क निर्माण कंपनी मरम्मत का काम करा रही है। इसी दौरान यातायात का दबाव बढ़ने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और हाईवे पूरी तरह जाम हो गया। कई लोग सोमवार शाम 4 बजे से भेरू घाट में फंसे हुए हैं।

जाम में फंसे यात्री वसीम खान ने बताया कि वे करीब 7 घंटे से एक ही जगह पर खड़े हैं। न आगे बढ़ पा रहे हैं और न पीछे लौटने का रास्ता है। उनके मुताबिक, हाईवे पर हजारों लोग घंटों से फंसे हुए हैं।



### जानापाव कुटी से गणेश घाट तक लगी वाहनों की कतार

जाम मानपुर थाना क्षेत्र के फोरलेन पर जानापाव कुटी से धामनोद थाना क्षेत्र के गणेश घाट तक फैल गया। सड़क पर दूर तक ट्रक, बसें, कारें और अन्य वाहन खड़े दिखाई दे रहे थे। बारिश और गलत साइड से घुसी गाड़ियों ने बढ़ाई मुश्किल पुलिस के मुताबिक, लगातार बारिश से राहत कार्य प्रभावित हुआ। वहीं, कई वाहन चालक जल्द निकलने की कोशिश में गलत दिशा से वाहन ले आए, जिससे जाम और बढ़ गया। दोनों तरफ से वाहन आमने-सामने आने से यातायात पूरी तरह बाधित हो गया।

# भोपाल से नोएडा की सीधी फ्लाइट शुरू:पहले दिन 41 यात्री आए; वाटर कैनन सलामी से हुआ स्वागत

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

राजधानी भोपाल से नोएडा के लिए बुधवार से सीधी हवाई सेवा शुरू हो गई। इंडिगो की पहली फ्लाइट के भोपाल पहुंचने पर एयरपोर्ट पर पारंपरिक वाटर कैनन सलामी देकर स्वागत किया गया। पहले दिन नोएडा से 41 यात्री भोपाल पहुंचे, जबकि भोपाल से 12 यात्रियों ने इस नई उड़ान से यात्रा की। शुरूआती दिनों में यात्री संख्या कम रही, लेकिन एयरलाइन और एयरपोर्ट प्रबंधन को आने वाले समय में इसमें बढ़ोतरी की उम्मीद है।

नई सेवा के तहत इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6ए-7653 शाम 5:20 बजे नोएडा से उड़ान भरकर शाम 6:50 बजे भोपाल पहुंचती है। वापसी में 6ए-7654 शाम 7:10 बजे भोपाल से रवाना होकर रात 9:25 बजे नोएडा पहुंचती है। इस रूट पर एयरलाइन ने 72 सीटों वाले एटीआर विमान को तैनात किया है। एक तरफ का किराया फिलहाल करीब 4,600 रुपए है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के संचालन से भोपाल के यात्रियों को दिल्ली-एनसीआर तक पहुंचने का नया और सुविधाजनक विकल्प मिल गया है। यात्री नोएडा पहुंचकर देश-विदेश के विभिन्न शहरों के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट भी आसानी से ले सकेंगे। इससे विशेष रूप से व्यावसायिक यात्रियों और नियमित हवाई सफर करने वालों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

# पति के खर्राटों से परेशान पत्नी ने मांगा तलाकः बोली- वे बहुत अच्छे हैं

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

दिन में पति-पत्नी का रिश्ता सामान्य था, लेकिन रात होते ही पति के तेज खर्राटे दोनों के बीच तनाव की वजह बन जाते थे। लगातार नींद पूरी न होने से परेशान पत्नी ने तलाक लेने का फैसला कर लिया। फैमिली काउंसलर से उसने कहा, ₹वे बहुत अच्छे हैं, पर मैं रातभर जाग नहीं सकती।₹

डॉक्टरों के अनुसार, मोटापा और बदलती जीवनशैली के कारण खर्राटों और स्लीप एपनिया के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। यह समस्या केवल स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि पारिवारिक और दांपत्य जीवन पर भी असर डाल रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि तेज खर्राटों को सामान्य मानकर नजरअंदाज



नहीं करना चाहिए। यह स्लीप एपनिया का संकेत हो सकता है। इस स्थिति में सोते समय शरीर में ऑक्सीजन का स्तर 95 प्रतिशत से घटकर 50-60 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। इससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। छाती एवं श्वास रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रखर अग्रवाल के अनुसार, पिछले 10 वर्षों में उनके पास आने वाले ऐसे मरीजों की संख्या हर महीने 15-20 से बढ़कर 50-60 हो गई है। इसके पीछे बढ़ता मोटापा और बदलती जीवनशैली प्रमुख कारण हैं।भोपाल की फैमिली काउंसलर रीता तुली बताती हैं कि खर्राटों की वजह से दांपत्य जीवन में तनाव के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। हाल ही में एक दंपती का रिश्ता तलाक की कगार तक पहुंच गया। कई अन्य मामलों में भी दंपतियों को चिकित्सकीय जांच और इलाज की सलाह दी गई। उनके अनुसार, इस समस्या से महिलाएं और पुरुष दोनों समान रूप से प्रभावित हो रहे हैं।

### हार्ट अटैक और स्ट्रोक का बढ़ता है खतरा

डॉ. अग्रवाल के अनुसार, स्लीप एपनिया से पीड़ित लोगों में हार्ट अटैक का खतरा सामान्य लोगों की तुलना में अधिक होता है। तेज खर्राटे लेने वालों में यह जोखिम लगभग दोगुना हो सकता है। ऑक्सीजन की कमी से ब्लड क्लॉट बनने की आशंका भी बढ़ जाती है, जिससे हार्ट अटैक या स्ट्रोक हो सकता है। खर्राटे इस बात का संकेत हैं कि सांस की नली में कहीं रुकावट है। डॉ. अग्रवाल के अनुसार, खर्राटों का असर केवल मरीज पर नहीं, बल्कि उसके साथ सोने वाले व्यक्ति और परिवार पर भी पड़ता है। तेज खर्राटों की वजह से दूसरों की नींद भी पूरी नहीं हो पाती। वहीं, मरीज की नींद भी बार-बार टूटती है, जिससे दिनभर थकान, काम में मन न लगना, बैठे-बैठे नींद आना, चिड़चिड़ापन और गुस्सा जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसका असर पारिवारिक रिश्तों पर भी पड़ता है। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि मशहूर गायक बप्पी लाहिड़ी की मृत्यु के प्रमुख कारणों में स्लीप एपनिया भी शामिल था। उन्होंने कहा कि समय पर इलाज न कराने पर रात में हार्ट अटैक का खतरा बढ़ सकता है। वहीं गायक अरमान मलिक भी स्लीप एपनिया से पीड़ित रहे हैं।

# भोपाल डबल मर्डरः सुपारी किलिंग का शक, रिश्तेदारों का मोबाइल डेटा का एनालिसिस



ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

भोपाल के ऐशबाग थाना क्षेत्र के सुदामा नगर स्थित आंबेडकर कॉलोनी में बुजुर्ग दंपती हेमंत फिलेमोन और उनकी पत्नी शकुंतला बारीक की गोली मारकर हत्या के मामले में पुलिस जांच लगातार आगे बढ़ रही है। शुरूआती जांच में पुलिस का फोकस प्रॉपर्टी विवाद और सुपारी किलिंग के एंगल पर है। तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस कई महत्वपूर्ण सुराग जुटाने में लगी है।

जांच के दौरान पुलिस ने शकुंतला बारीक के भाई विनोद बारीक, उनके समधी मोरिस सोलोमन और मोरिस के बेटे को हिरासत में लेकर करीब 12 घंटे तक पूछताछ की। तीनों के मोबाइल फोन जब्त कर उनके कॉल रिकॉर्ड और डिजिटल डेटा का विश्लेषण कराया गया।

पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया गया, लेकिन पुलिस ने अभी किसी को पूरी तरह क्लीन चिट नहीं दी है। तकनीकी साक्ष्यों और मोबाइल डेटा की जांच अभी जारी है। पुलिस जांच में एक और अहम तथ्य सामने आया है। दंपती के मकान में रहने वाला एक किराएदार वारदात से करीब चार दिन पहले अचानक लापता हो गया था। उसका सामान अभी भी मकान में रखा हुआ है।

पुलिस उसकी तलाश कर रही है और मान रही है कि उससे पूछताछ मामले की गुत्थी सुलझाने में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

पुलिस ने एडिशनल डीसीपी रश्मि अग्रवाल के नेतृत्व में 12 सदस्यीय एसआईटी गठित की है। टीम में दो एसीपी, क्राइम ब्रांच और थाना पुलिस के अधिकारी शामिल हैं। एसआईटी तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल डेटा और डिजिटल ट्रांजेक्शन के आधार पर जांच को आगे बढ़ा रही है।

### सीसीटीवी और ऑनलाइन पेमेंट से मिला अहम सुराग

घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में दो संदिग्ध युवक रेनकोट पहने और हाथों में ग्लव्स लगाए दिखाई दिए हैं। पुलिस ने आसपास के अन्य कैमरों की फुटेज भी खंगाली।

इसी दौरान एक शराब दुकान की फुटेज मिली, जिसमें संदिग्ध हुलिए का एक युवक शराब खरीदते हुए दिखाई दिया। उसने भुगतान ऑनलाइन किया था। इसी डिजिटल ट्रांजेक्शन के आधार पर पुलिस ने एक संदिग्ध की पहचान की है और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

### एसआईटी कर रही बहुस्तरीय जांच

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कमिश्नरेट ने एडिशनल डीसीपी रश्मि अग्रवाल के नेतृत्व में 12 सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। टीम में दो एसीपी के अलावा क्राइम ब्रांच और थाना पुलिस के अधिकारी शामिल हैं। एसआईटी सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन, डिजिटल साक्ष्य और परिजनों व अन्य संबंधित लोगों के बयानों का मिलान कर हत्यारों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। एडिशनल पुलिस कमिश्नर शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि जांच के दौरान कई महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। पुलिस सभी पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है।





# सरस्वती लोक से संवरेगा धार, 'ए मीडीवल वंडर' बनेगा मांडूः

ब्रह्मास्त्र ›› मांडू

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को संस्कृति एवं धर्मस्व विभाग की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक में प्रदेश की धार्मिक, सांस्कृतिक और विरासत संरक्षण से जुड़ी बड़ी परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा होगी। बैठक के एजेंडे से साफ है कि सरकार का फोकस धार्मिक पर्यटन, हेरिटेज संरक्षण और ऐतिहासिक स्थलों को विश्वस्तरीय पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने पर रहेगा।

बैठक में सबसे पहले ओरछा में संचालित परियोजनाओं की समीक्षा की जाएगी। इसके बाद सिटी म्यूजियम की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत होगी। मांडू को ए मेडीवल वंडर के रूप में विकसित करने की योजना की समीक्षा भी एजेंडे में शामिल है। वहीं ग्वालियर किले के संरक्षण और विकास को लेकर आगा खान ट्रस्ट और इंडिगो की ओर से प्रेजेंटेशन दिया जाएगा। मुख्यमंत्री महेश्वर परियोजना की प्रगति की भी समीक्षा करेंगे। इंदौर के ऐतिहासिक लालबाग पैलेस के भविष्य के संचालन और 'एडॉप्टिव रीयूज' मॉडल पर चर्चा होगी। साथ ही राजवाड़ा में प्रस्तावित इमर्सिव एक्सपीरियंस परियोजना की डीपीआर पर भी विचार किया जाएगा।

बैठक में भोपाल स्थित राज्य संग्रहालय में प्रस्तावित लाइट एंड साउंड शो की प्रगति, उज्जैन की दुगार्दास छत्री में इमर्सिव एक्सपीरियंस विकसित करने की योजना और चित्रकूट के परिक्रमा पथ व भारत घाट के विकास कार्यों की भी समीक्षा होगी। एजेंडे के अनुसार भगवान श्रीराम के राम पथ गमन और श्रीकृष्ण पथेय परियोजनाओं का कॉन्सेप्ट प्रेजेंटेशन भी मुख्यमंत्री के सामने रखा जाएगा।

# मध्यप्रदेश के 1500 संकुल प्राचार्यों पर सस्पेंशन की तलवार

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

मध्यप्रदेश में ई-अटेंडेंस को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने सख्ती और बढ़ा दी है। अब 90% से कम ई-अटेंडेंस वाले शिक्षकों का वेतन भुगतान कराने वाले संकुल प्राचार्यों पर निलंबन की कार्रवाई होगी। लोक शिक्षण आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि ऐसे प्राचार्यों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए। यदि कार्रवाई नहीं हुई तो संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी और संभागीय संयुक्त संचालक के खिलाफ भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

प्रदेश में करीब 1500 संकुल प्राचार्य हैं। एक संकुल के अंतर्गत औसतन 40 प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्कूल आते हैं। ऐसे में नए आदेश का असर पूरे स्कूल शिक्षा तंत्र पर पड़ेगा। लोक शिक्षण संचालनालय के अनुसार प्रदेश में फिलहाल करीब 95% शिक्षक ही नियमित ई-अटेंडेंस दर्ज कर रहे हैं। यानी अभी भी कुछ शिक्षक निर्धारित मानकों के अनुरूप ई-अटेंडेंस नहीं लगा रहे हैं। विभाग का कहना है कि ऐसे मामलों में वेतन भुगतान की प्रक्रिया शुरू करना शासन के निदेशों का उल्लंघन माना जाएगा।

### सस्पेंशन की कार्रवाई के निर्देश किए जारी

लोक शिक्षण आयुक्त अभिषेक सिंह ने कहा कि जिन शिक्षकों की ई-अटेंडेंस कम होने के कारण वेतन कटौती की गई है, उन्हें उपस्थिति के आधार पर ही वेतन मिलना है। इसके बावजूद कई संकुल प्राचार्यों ने वेतन कटौती के आदेश का पालन नहीं किया और वेतन भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी। इसी वजह से उनके खिलाफ निलंबन की कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए हैं।

आयुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि शैडो एरिया (जहां नेटवर्क की समस्या है) के मामलों में संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी को राहत देने का अधिकार है। यानी नेटवर्क संबंधी वास्तविक समस्याओं वाले मामलों में जिला स्तर पर निर्णय लिया जा सकता है। विभाग ने पहले ई-अटेंडेंस नहीं लगाने वाले शिक्षकों के खिलाफ वेतन कटौती के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद शत-प्रतिशत अनुपालन नहीं होने पर अब कार्रवाई का दायरा बढ़ा दिया गया है। आदेश के मुताबिक, जिन संकुल प्राचार्यों ने कम ई-अटेंडेंस वाले शिक्षकों के वेतन भुगतान की प्रक्रिया शुरू की है, उनके खिलाफ निलंबन की कार्रवाई होगी।

# 50 लीटर का टैंक, फ्यूल भरा 52 लीटर, आरटीआई में पीडब्ल्यूडी की रेंटेड कार की खुली पोल

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

मध्य प्रदेश लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में किराए की टैक्सी गाड़ियों के उपयोग को लेकर आरटीआई में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। दस्तावेजों के अनुसार, 50 लीटर क्षमता वाले वाहनों में 52 से 55 लीटर तक ईंधन भराने के रिकॉर्ड मिले हैं।

पीडब्ल्यूडी ने अपने विभाग के अलावा आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारियों और तत्कालीन राज्यमंत्री के लिए भी किराए की गाड़ियां उपलब्ध कराईं। कांग्रेस ने वाहन आवंटन, ईंधन खर्च और नियमों के पालन पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस नेता भूपेन्द्र गुप्ता ने बताया कि आरटीआई के दस्तावेजों के अनुसार, 13 जून 2023 को पीडब्ल्यूडी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को टैक्सी वाहन आवंटित किए थे। इनमें प्रमुख अभियंता (भवन) कार्यालय के लिए 11 कारें आवंटित की गई थीं। मुख्य अभियंता (भवन) के लिए चार, मुख्य वास्तुविद कार्यालय के लिए चार, कार्यपालन यंत्री (भवन) के लिए पांच और मंत्रालय के लिए दो कारें आवंटित की गई थीं। पीडब्ल्यूडी ने एक स्कॉर्पियो और एक बोलेरो सतपुड़ा भवन स्थित अनुसूचित जनजाति विभाग के अधिकारियों को भी आवंटित की। भूपेन्द्र गुप्ता का कहना है कि जब सभी विभाग टैक्सी वाहन किराए पर लेने के लिए अलग-अलग टेंडर जारी करते हैं, तो पीडब्ल्यूडी ने ट्राइबल विभाग के अधिकारियों के लिए गाड़ियां किराए पर क्यों लीं?

आरटीआई के दस्तावेजों के अनुसार, पीडब्ल्यूडी ने तत्कालीन राज्यमंत्री सुरेश धाकड़ के लिए भी एक इनोवा क्रिस्टा किराए पर ली थी। भूपेन्द्र गुप्ता का कहना है कि मंत्री को स्टेट गैरेज से इनोवा मिलती है, फिर विभाग ने अलग से एक और इनोवा क्रिस्टा किराए पर क्यों ली?





### पात्रता नहीं फिर भी सब इंजीनियर को दी टैक्सी की कार

भूपेन्द्र गुप्ता का कहना है कि पीडब्ल्यूडी ने ऐसे अधिकारियों को भी किराए की गाड़ियां आवंटित कीं, जो वाहन के पात्र नहीं थे। उनके अनुसार, सब इंजीनियर को भी कार आवंटित की गई थी। आरटीआई के दस्तावेजों के अनुसार, 50 लीटर क्षमता वाले किराए के वाहनों में हर बार 52 से 55 लीटर तक ईंधन भराने का रिकॉर्ड मिला।

## खबर एक नजर...

### 40 साल पुराने सरकारी मकान बने खतरा, तीन विभागों को खाली कराने की चेतावनी

**भोपाल।** मानसून की दस्तक के साथ ही दशकों पुराने और जर्जर हो चुके सरकारी मकानों व अपार्टमेंट्स को लेकर प्रशासन की चिंता बढ़ गई है। भोपाल नगर निगम के यांत्रिक विभाग ने हाल ही में मध्य प्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल (एमपी हाउसिंग बोर्ड), औद्योगिक विकास निगम और पुलिस मुख्यालय को आधिकारिक पत्र भेजकर अत्यंत जर्जर हो चुकी इमारतों को तुरंत खाली कराने, मरम्मत करने या उन्हें ढहाने की सख्त चेतावनी दी है। नगर निगम द्वारा जारी पत्रों के अनुसार, भोपाल के नरेला विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ओल्ड सुभाष नगर (वार्ड 44) और गौतम नगर (वार्ड 58) में स्थित कई आवासीय ब्लॉक बेहद खतरनाक स्थिति में पहुंच चुके हैं। ये 40 साल से भी अधिक पुराने हो चुके हैं, इस कारण इनकी इमारतें अंदरूनी रूप से कमजोर हो चुकी हैं

### 50 हजार रिश्वत लेने वाला हेड कॉन्स्टेबल संस्पेंड

**रतलाम.** रतलाम के हेड कॉन्स्टेबल तपेश गोसाई को राजस्थान के भीलवाड़ा में 50 हजार रुपए की रिश्वत लेने के मामले में एसपी अमित कुमार ने बुधवार शाम संस्पेंड कर दिया है। धोखाधड़ी के आरोपी लियाकत का पुलिस रिमांड खत्म होने पर जेल भेज दिया है। रतलाम के थाना औद्योगिक क्षेत्र में पदस्थ हेड कॉन्स्टेबल तपेश गोसाई को 29 जून की रात राजस्थान के भीलवाड़ा में राजस्थान एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था। जिसके बाद उसे भीलवाड़ा जेल भेज दिया था। आरोपी हेड कॉन्स्टेबल तपेश ने रतलाम में जमीन धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार आरोपी के साथ मारपीट न करने और जांच में सहयोग के बदले एक लाख 10 हजार रुपए की घूस मांगी थी। वह 10 हजार रुपए की एक किस्त वसूल चुका था। रतलाम के 80 फीट रोड निवासी व्यापारी रतन जांगिड़ ने रतलाम में भीलवाड़ा निवासी मोहम्मद लियाकत (70) के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप था कि लियाकत ने रतलाम में नए आरटीओ दफ्तर के सामने बंद पड़ी ऑयल मिल और जमीन का 11 करोड़ 10 लाख रुपए में सौदा कराया था।

### पति की हत्या कराने वाली पत्नी, उसके प्रेमी को उम्रकैदः

**खंडवा.** खंडवा में फ्रूट कारोबारी आमीन खान की हत्या के चर्चित मामले में जिला कोर्ट ने आज बुधवार को अहम फैसला सुनाते हुए पत्नी शहनाज बी और उसके प्रेमी अख्तर सैय्यद को उम्रकैद की सजा सुनाई है। फैसला एडीजे अनिल चौधरी की अदालत ने सुनाया। दोनों को हत्या की साजिश रचने और उसे अंजाम देने का दोषी पाया गया। यह मामला 23 मई 2025 को सामने आया था, जब आमीन खान की उनके ही घर में सोते समय कनपटी पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। शुरूआती जांच में पुलिस को मामला संदिग्ध लगा, क्योंकि जिस कमरे में हत्या हुई, उसमें मृतक की पत्नी शहनाज भी मौजूद थी और कमरे की परिस्थितियों ने कई सवाल खड़े किए थे। पुलिस ने जब शहनाज बी से सख्ती से पूछताछ की तो हत्या की पूरी साजिश सामने आ गई। जांच में खुलासा हुआ कि शहनाज ने करीब 10 महीने पहले आमीन खान से तलाक लेकर महाराष्ट्र के जलगांव जिले के चोपड़ा निवासी अख्तर सैय्यद से निकाह कर लिया था। वह उसके साथ महाराष्ट्र में रहने चली गई थी, लेकिन करीब डेढ़ महीने बाद बच्चों का हवाला देकर वापस खंडवा लौट आई। इसके बाद अख्तर से भी उसका तलाक हो गया और वह दोबारा आमीन खान के साथ रहने लगी। हालांकि, दोनों के बीच मोबाइल पर लगातार संपर्क बना रहा। आमीन खान को इस रिश्ते पर आपत्ति थी, जिससे घर में विवाद होते रहते थे।

### देवास मंदिर से चांदी का मुकुट चोरी


**देवास.** देवास के मोती बंगला क्षेत्र स्थित हनुमान मंदिर से भगवान का चांदी का मुकुट चोरी हो गया है। यह घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें एक संदिग्ध महिला दिखाई दे रही है। मंदिर से जुड़े किशोर तिलवंकर ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 10:45 बजे एक महिला मंदिर में प्रवेश करती दिखी। लगभग दो मिनट बाद वह बाहर निकली और उसके हाथ में चांदी के मुकुट जैसा सामान था। शाम को जब किशोर के पिता पूजा करने मंदिर पहुंचे, तो उन्हें भगवान हनुमान का चांदी का मुकुट गायब मिला। सीसीटीवी फुटेज देखने पर चोरी की पुष्टि हुई। चोरी हुए मुकुट की अनुमानित कीमत 7 हजार रुपये से अधिक बताई जा रही है। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध महिला की तलाश कर रही है।

### रिश्तेदारी विवाद में युवक पर हमला, घायल अस्पताल में भर्ती

**मन्दसौर.** मन्दसौर शहर के जैन स्कूल के पीछे स्थित क्षेत्र में बुधवार देर शाम आपसी रिश्तेदारी के विवाद के चलते एक व्यक्ति के साथ मारपीट और चाकू से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। वहीं, यशोधर्मन थाना पुलिस ने पीड़ित की पत्नी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, घायल शाहरुख शाह ने बताया कि उसके मामा एवं उनके परिवार के सदस्यों ने उसके साथ मारपीट की। उसने आरोप लगाया कि विवाद के दौरान उसके हाथ और कन्धे पर चाकू से वार किया गया, जबकि शरीर के अन्य हिस्सों पर भी चोटें आई हैं।

### डील का उल्लंघन न हो, इसकी निगरानी कमेटी करेगी

# ईरान 6 अरब डॉलर के फ्रीज-फंड से जरूरी सामान खरीदेगा, अमेरिका पर समझौता तोड़ने का आरोप




ब्रह्मास्त्र ›› ईरान

ईरान ने बुधवार को कहा कि अमेरिका-ईरान समझौते के तहत जारी होने वाली 6 अरब डॉलर की फ्रीज संपत्तियों का एक हिस्सा जरूरी सामान खरीदने में इस्तेमाल किया जाएगा। इस पर कतर की राजधानी दोहा में हुई बैठक में सहमति बनी।

ईरान के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने बताया कि कतर के अधिकारियों के साथ बैठक में तय हुआ कि ईरान अपनी जरूरत के मुताबिक सामान खरीदेगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अमेरिका ने लेबनान में युद्ध रोकने समेत समझौते की कुछ शर्तों का पालन नहीं किया। बैठक में यह भी फैसला हुआ कि समझौते के उल्लंघन की निगरानी के लिए गुरुवार तक एक अलग कमेटी बनाई जाएगी, जहां किसी भी उल्लंघन की आधिकारिक शिकायत दर्ज की जा सकेगी।

गरीबाबादी ने साफ किया कि दोहा में ईरान और अमेरिका के प्रतिनिधियों के बीच कोई सीधी बैठक नहीं हुई। बातचीत कतर और पाकिस्तान की मध्यस्थता से अलग-अलग हुई।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि दोहा में हुई अप्रत्यक्ष वार्ता में अच्छी प्रगति हुई। उन्होंने दावा किया कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को खत्म करने की दिशा में बातचीत आगे बढ़ रही है। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा कि लेबनान, सीरिया और गाजा में सेना की तैनाती जारी रहेगी। जब तक सुरक्षा खतरा पूरी तरह खत्म नहीं होता और हिजबुल्लाह हथियार नहीं छोड़ता, सैनिक वापस नहीं बुलाए जाएंगे।

## ईरान ने अमेरिका पर समझौता तोड़ने का आरोप लगाया



ईरान ने कतर की राजधानी दोहा में हुई तकनीकी वार्ता के दौरान अमेरिका पर टङ्क्व की शर्तें तोड़ने का आरोप लगाया। ईरान के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने कहा कि अमेरिका ने समझौते के पहले अनुच्छेद के तहत लेबनान समेत सभी मोर्चों पर युद्ध रोकने की अपनी जिम्मेदारी पूरी नहीं की। ईरान ने यह भी आरोप लगाया कि अमेरिका पश्चिम एशिया में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ा रहा है और उसके अधिकारी लगातार धमकी भरे बयान दे रहे हैं। वार्ता में तय हुआ कि 24 घंटे के भीतर एक आपातकालीन संचार चैनल बनाया जाएगा, जहां समझौते के उल्लंघन की शिकायतें आधिकारिक तौर पर दर्ज की जाएंगी और उन पर समीक्षा की जाएगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ परमाणु कार्यक्रम को लेकर बातचीत सही दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि दोहा में बहुत अच्छी बैठकें हुई हैं और अच्छे नतीजों की उम्मीद है।

### होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों की आवाजाही सामान्य हुई

समुद्री निगरानी कंपनी केप्लर के मुताबिक मंगलवार को होर्मुज स्ट्रेट से 34 जहाज गुजरे। इससे संकेत मिला कि युद्ध के बाद भी इस अहम समुद्री मार्ग पर तेल और व्यापारिक जहाजों की आवाजाही सामान्य बनी हुई है। हस्ताक्षर के दो हफ्ते बाद भी फ्रीज फंड जारी होने, तेल निर्यात में राहत, होर्मुज में सामान्य आवाजाही, लेबनान में युद्धविराम और परमाणु मुद्दे जैसे अहम मामलों पर दोनों देशों के बीच सहमति नहीं बन सकी है।

# एमपी-यूपी, महाराष्ट्र में बारिश से सड़कें डूबीं, कार-बाइकें बहीं



ब्रह्मास्त्र ›› ईरान

मध्य प्रदेश के 7 जिलों में बुधवार को तेज बारिश हुई। इंदौर में बारिश के बीच थार कार नाले में गिर गई। सीहोर जिले में सड़कों पर पानी नदी की तरह बहने लगा। तेज बहाव में सड़क किनारे खड़ी बाइकें बह गईं। बिहार में बिजली गिरने से तीन और झारखंड में दो लोगों की मौत हो गई।

यूपी के 25 शहरों में बुधवार को बारिश हुई। आजमगढ़, बिजनौर, मिजार्पुर में तेज बारिश के बाद सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया। ललितपुर रेलवे स्टेशन के वेटिंग हॉल और जीआरपी थाने में पानी घुस गया। फतेहपुर में आंधी से ई-रिक्शा पलट गया।

नवी मुंबई में लगातार हो रही बारिश के बीच बुधवार को सड़क पर भरे पानी में करंट फैल गया। इस दौरान नेरुल के एलपी ब्रिज के नीचे से गुजर रहीं टू-व्हीलर सवार दो छात्राएं करंट लगने से गिर गईं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गुजरात के अमरेली जिले में बुधवार सुबह से भारी बारिश हुई, जिससे राजुला तालुका की रायदी नदी में बाढ़ आ गई। बाढ़ की चपेट में कुछ महिलाएं आ गईं, जिन्हें गांववालों ने बचा लिया। वहीं, नदी की बाढ़ में 35 बकरियां बह गईं। मानसून ने बुधवार को पंजाब और हरियाणा में एंट्री कर ली। अब दिल्ली और राजस्थान को छोड़ पूरे देश में मानसून पहुंच गया है। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि जुलाई में देश के ज्यादातर हिस्सों में सामान्य से कम बारिश हो सकती है।

# रामंमंदिर चोरी- आरोपी अविनाश के घर 20 लाख मिले, 1 हजार डॉलर भी बरामद



अविनाश शुक्ला
आरोपी

ब्रह्मास्त्र ›› अयोध्या

राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में बुधवार को आरोपी लवकुश मिश्रा और अनुकल्प मिश्रा के घर पुलिस ने छापेमारी की। दस्तावेजों को खंगाला और परिजनों भी पूछताछ की गई।

इस बीच, 8 में से 7 आरोपियों के घर बरामदगी का ब्योरा सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सबसे अधिक 20 लाख कैश जेल में बंद अविनाश शुक्ला के पास मिला है। 1121 डॉलर यानी करीब एक लाख 6 हजार रुपए और सोने-चांदी की ज्वेलरी भी बरामद हुई है। टिन्नू के पास से 1 लाख और उसके भतीजे से 2 लाख कैश मिले हैं।

अविनाश के अयोध्या स्थित योग सेंटर पर 28 जून को पुलिस ने छापा मारा था। तब एक संदूक बरामद हुआ था। उस पर लाल रंग से 'रामराज्य कोष' लिखा था। पेटीएम का QR कोड लगा था। छापेमारी का वीडियो बुधवार सुबह सामने आया।

इस बीच, राम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास महाराज की तबीयत बिगड़ गई है। उन्हें लखनऊ मेदांता में भर्ती कराया गया है। हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. राकेश कपूर ने बताया- महंत को 29 जून यानी सोमवार को लाया गया था। उन्हें सांस लेने में तकलीफ और यूरिन इन्फेक्शन था।

चढ़ावा चोरी मामले की जांच कर रही SIT को सरकार ने 15 दिन का समय और दिया है। सूत्रों के मुताबिक, चढ़ावा चोरी की जांच का दायरा बढ़ाने के लिए ईडी को भी शामिल किया जा सकता है। अयोध्या पुलिस ने लखनऊ में ऑफिसर्स से इसका आग्रह किया है। मंगलवार को पुलिस ने फैजाबाद जेल में बंद सभी आठों आरोपियों से पूछताछ की। सबसे लंबी पूछताछ अविनाश से हुई। दो घंटे चली पूछताछ में 5 जून को अविनाश के घर से बरामद कैश और गहनों को लेकर सवाल-जवाब किए गए। राम मंदिर परिसर में तैनात 400 निजी सुरक्षाकर्मी भी जांच के घेरे में हैं। उनकी ड्यूटी, रोस्टर, CCTV, एंट्री-एग्जिट रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, मंदिर की सुरक्षा का जिम्मा जिस निजी सुरक्षा कंपनी के पास था, वह बिहार के पूर्व सांसद की है। ट्रस्ट इस पर हर महीने 1 करोड़ खर्च करता था। यानी निजी सुरक्षा पर सालाना 12 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे थे।

### चंपत राय से 3 घंटे पूछताछ, 17 साल से तैनात RMO का ट्रांसफर

चंपत राय से रविवार को पुलिस ने करीब 3 घंटे पूछताछ की थी। पूछा कि उन्हें चढ़ावा चोरी का पता पहली बार कब और कैसे लगा। उसके बाद क्या-क्या किया। इससे पहले, कोर्ट ने सोमवार को चढ़ावा चोरी में गिरफ्तार 8 आरोपियों की न्यायिक हिरासत 14 दिन बढ़ा दी। राम मंदिर में पिछले 17 साल से तैनात रेडियो ऑपरेशन अधिकारी (फ्टड) अर्जुन देव का तबादला गोरखपुर कर दिया गया। रक्ळ ने उनकी भूमिका को भी जांच के दायरे में लिया है। चढ़ावे की गिनती वाले काउंटिंग रूम के उउळश समेत राम मंदिर परिसर में लगे 1600 कैमरों की निगरानी की जिम्मेदारी उनके पास थी। चोरी का मामला पहली बार 7 जून को सामने आया था। यूपी सरकार ने 13 जून को रक्ळ बनाई। 25 जून को ऋक्रहुई। रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू समेत 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इसी दिन मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने इस्तीफा दे दिया।

# बेंगलुरु में डे-केयर में बच्चे को बाथरूम में बंद किया, वॉशिंग मशीन में बैठाया, टॉयलेट जेट से पानी डाला

ब्रह्मास्त्र ›› बेंगलुरु

बेंगलुरु में आईटी कंपनी कैपजेमिनी के एचएएल कैंपस में चल रहे डे-केयर सेंटर में 2-3 साल के बच्चे के साथ बदसलूकी का मामला सामने आया है। सेंटर के कुछ वीडिया वायरल हैं, जिसमें यहां का महिला स्टाफ एक बच्चे से गलत व्यवहार करता दिख रहा है।



वीडियो में बच्चा टॉयलेट में बंद है, फर्श पर लेटा हुआ है और जोरों से रो रहा है। एक महिला बच्चे के बिलखने का वीडियो बना रही है। एक और वीडियो में महिला बच्चे को टॉयलेट सीट पर बैठाकर उसके मुंह पर जेट स्प्रे से पानी डाल रही है।

इसके अलावा बच्चे को फ्रंट लोड वॉशिंग मशीन के ड्रम में बैठाकर रखा गया है। उसके डराया जा रहा है, बच्चा रो रहा है। बताया गया कि डे-केयर के वीडियो 29 जून को वायरल हुए।

सेंटर की पुष्टि होने की बाद पुलिस ने 5 महिला केयरगिवर के खिलाफ केस दर्ज किया। हालांकि, कितने बच्चों के साथ गलत व्यवहार हुआ इसकी डिटेल सामने नहीं आई है।

डीसीपी सैदुलु अडावथ ने कहा कि डे-केयर में आने वाले बच्चे कैंपस में काम करने वाले प्रोफेशनल्स के हैं, जिन्हें उनके माता-पिता ड्यूटी के दौरान यहां छोड़ते थे। वीडियो देखकर माता-पिता और अधिकारी दोनों हैरान रह गए। बच्चों के साथ जिस तरह का व्यवहार किया गया, वह बेहद गंभीर है।

पुलिस यह भी पता लगा रही है कि डे-केयर सेंटर का संचालन सीधे कैपजेमिनी कर रही थी या कंपनी परिसर में किसी बाहरी एजेंसी को इसकी जिम्मेदारी दी गई थी। पांचों महिला कर्मचारियों से पूछताछ कर रही है। अभी तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। कर्नाटक राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने भी मामले का संज्ञान लिया है। आयोग अधिकारियों से रिपोर्ट मांगेगा और अपने स्तर पर जांच करेगा।

### अब जानिए क्या होते हैं डे-केयर

डे-केयर सेंटर वह जगह है, जहां छोटे बच्चों की दिनभर देखभाल, सुरक्षा और शुरूआती सीखने की गतिविधियों का ध्यान रखा जाता है। बड़े शहरों में माता-पिता दोनों की नौकरी पेशा हैं तो ऐसे में कपल अपने बच्चों को इन डे-केयर में तय समय के लिए छोड़ देते हैं, यहां बच्चों की देखभाल की है। इसके बदले में हर महीने तय फीस ली जाती है। कई कंपनिया भी अपने डे-केयर सेंटर चलाती हैं, जहां उनके कर्मचारी अपने छोटे बच्चों को नौकरी करने के समय तक छोड़ देते हैं। छुट्टी के बाद बच्चों को अपने साथ ले जाते हैं। कैपजेमिनी की ही तरह अन्य कंपनियां भी अपने कर्मचारियों को डे-केयर की सुविधा देती हैं। अगर किसी डे-केयर में बच्चों के साथ गलत व्यवहार होता है तो माता-पिता सबसे पहले घटना की रिपोर्ट संबंधित पुलिस थाने में दर्ज कराएं। साथ ही सेंटर के खिलाफ स्थानीय बाल सुरक्षा अधिकारी या बाल कल्याण समिति से शिकायत करें। कानूनी मदद लेने के लिए किसी वकील से संपर्क करें और बच्चों की मेडिकल जांच भी करवाएं।

### कंपनी ने डे-केयर सेंटर बंद किया

कैपजेमिनी ने कहा कि कर्मचारियों और उनके परिवारों की सुरक्षा उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। कंपनी जांच एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग कर रही है। एहतियात के तौर पर बेंगलुरु स्थित ऑन-कैंपस डे-केयर सेंटर को फिलहाल अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। कैपजेमिनी दुनिया की बड़ी क्ळ कंपनियों में शामिल है। इसका हेडक्वॉर्टर फ्रांस की राजधानी पेरिस में है। कंपनी सॉफ्टवेयर, क्लाउड, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक), साइबर सिक्योरिटी और कंसल्टिंग से जुड़ी सेवाएं देती है। इसके ऑफिस 50 से ज्यादा देशों में है। दुनियाभर में करीब 3.5 लाख कर्मचारी काम करते हैं। भारत में बेंगलुरु, पुणे, मुंबई, हैदराबाद, चेन्नई, गुरुग्राम, नोएडा और कोलकाता समेत कई शहरों में इसके बड़े ऑफिस हैं।

### अमरनाथ यात्रा का पहला जत्था जम्मू से रवाना:सिर्फ रजिस्टर्ड श्रद्धालुओं को एंट्री मिली

ब्रह्मास्त्र ›› जम्मू

जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से गुरुवार सुबह 4 बजे अमरनाथ यात्रा का पहला जत्था रवाना हुआ। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्रद्धालुओं को रवाना किया।

श्रद्धालु 'बम-बम भोले' के जयकारों के साथ बाबा बफार्नी के दर्शन के लिए रवाना हुए। 57 दिन की यात्रा 3 जुलाई से पहलगाम और बालटाल दोनों रास्ते से शुरू होकर 28 अगस्त (रक्षाबंधन) तक चलेगी।

पहले जत्थे में सिर्फ उन्हीं श्रद्धालुओं को शामिल किया गया, जिन्होंने पहले से रजिस्ट्रेशन कराया था। जिन्होंने RFID कार्ड बनवाया था और ई-केवाईसी पूरी की थी। चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। 30 जून तक बद्रीनाथ में 13.92 लाख और केदारनाथ में 13.68 लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। इस साल अमरनाथ यात्रा के लिए अब तक करीब 4 लाख श्रद्धालु रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। प्रशासन ने सुरक्षा, मेडिकल, परिवहन और दूसरी जरूरी व्यवस्थाएं पहले ही पूरी कर ली हैं, ताकि यात्रा सुरक्षित और सुचारु रूप से संचालित हो सके।

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को बेस कैंप पहुंचकर सुरक्षा, मेडिकल, ठहरने, बिजली-पानी, हेल्प डेस्क और दूसरी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। चारधाम यात्रा में महज 20 दिनों में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। 31 मई तक केदारनाथ में दर्शनार्थियों की संख्या बद्रीनाथ से दो लाख से ज्यादा थी, लेकिन जून के तीसरे सप्ताह से रुझान बदला और 30 जून तक बद्रीनाथ आगे निकल गया। अब तक 13,92,584 श्रद्धालु बद्रीनाथ और 13,68,170 श्रद्धालु केदारनाथ पहुंच चुके हैं। यानी बद्रीनाथ करीब 24 हजार श्रद्धालुओं ज्यादा पहुंचे है।

# विभाजन के बाद भारत आए लोग शरणार्थी नहीं

## भागवत बोले- उन्होंने संपत्ति नहीं, देश चुना




ब्रह्मास्त्र ›› नागपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि 1947 के विभाजन के बाद पाकिस्तान से भारत आने वाले लोगों को शरणार्थी कहना सही नहीं है। वे 'संघर्ष के योद्धा' थे, जिन्होंने कई पीढ़ियों की बनाई जमीन, कारोबार और संपत्ति छोड़कर भारत को चुना।

उन्होंने कहा कि ये लोग इसलिए भारत आए, क्योंकि यहां बिना डर अपने धर्म का पालन कर सकते थे। भारत को एक रखने की लड़ाई हम सब हार गए थे, लेकिन उन्होंने अपना विश्वास नहीं छोड़ा। भागवत ने बुधवार को नागपुर में सिंधु एजुकेशन सोसाइटी के 75वें स्थापना दिवस समारोह में ये बातें कही। इसी दौरान RSS ने 10 से 12 जुलाई तक कर्नाटक के बेलगावी में होने वाली अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक का भी ऐलान किया। शिक्षा का मकसद केवल रोजगार नहीं, अच्छे इंसान बनाना है। सही-गलत की पहचान सिर्फ किताबों से नहीं, बल्कि शिक्षकों के व्यवहार और उनके दिए संस्कारों से भी होती है। इसाान के हालात या किस्मत के सामने हार नहीं माननी चाहिए। मुश्किलों से लड़ने वाला ही आगे बढ़ता है, जबकि चुनौतियों से भागने वाला पहले ही हार मान लेता है। RSS के शताब्दी वर्ष कार्यक्रमों के तहत भागवत शुक्रवार को प्रचारकों के जीवन पर आधारित 100 वीडियो जारी करेंगे। इसी दिन 'डॉ. हेडगेवार : आधुनिक युग के शालिवाहन' शीर्षक यूट्यूब वीडियो का सार्वजनिक प्रसारण भी होगा। 5 जुलाई को वे नागपुर में 'सनमार्ग माइंड वेलनेस सेंटर' का उद्घाटन करेंगे। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भी शामिल होंगे।

### मुंबई- विहान का क्रिकेट बॉल के साथ अंतिम संस्कार:मां बैट सीने से लगाए बैठी

ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई

मुंबई में स्कूल बस हादसे में जान गंवाने वाले विहान श्रीवास्तव का बुधवार को अंतिम संस्कार हुआ। इस दौरान क्रिकेट बॉल उसके साथ रखी गई। विहान के परिवार ने बताया, 'उसे क्रिकेट बहुत पसंद था और उसका सपना प्रोफेशनल क्रिकेटर बनने का था, लेकिन इस हादसे ने उसके सारे सपने खत्म कर दिए।'

रिश्तेदार अनिल ने बताया कि उसकी मां जूही को अब भी यकीन नहीं हो रहा कि उनका बेटा इस दुनिया में नहीं रहा। वह घर में बेटे का क्रिकेट बैट सीने से लगाए बैठी हैं। वह बार-बार यही कह रही हैं कि विहान अभी खेलने जाएगा।

मंगलवार को स्कूल से लौटते वक्त उसकी बस पर 70 साल पुराना पीपल का पेड़ गिर गया था। इस हादसे में विहान समेत 11 बच्चे घायल हो गए थे। इलाज के दौरान विहान की मौत हो गई। इससे पहले हादसे पर राज्य के सामाजिक न्याय मंत्री संजय शिरसाट ने कहा- पेड़ गिरना, बिजली गिरना किसी के हाथ में नहीं होता। यह पहले से पता नहीं चलता कि कौन सा पेड़ गिरने वाला है।

पेड़ों के ऑडिट के सवाल पर मंत्री ने बुधवार को कहा कि ऑडिट नियमित रूप से किया जाता है। सरकार विधानसभा में हादसे पर बयान देगी। नगर निगम को भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया है।

# पाकिस्तान के लाहौर में ट्यूशन सेंटर की छत गिरी, 14 की मौत




पाकिस्तान के लाहौर में मंगलवार को एक बड़ा हादसा हो गया। ह्यकहना नौह्ल इलाके में निमार्णाधीन इमारत में चल रहे एक निजी ट्यूशन सेंटर की छत गिरने से 14 बच्चों की मौत हो गई। हादसे में 20 बच्चे और एक महिला शिक्षिका घायल हैं। हादसे के वक्त 7 से 13 साल की उम्र के 30 से ज्यादा बच्चे क्लास में मौजूद थे। छत गिरते ही सभी मलबे में दब गए। बचाव दल ने कई घंटे तक रेस्क्यू चलाकर बच्चों को बाहर निकाला। मृतकों में 7 लड़कियां और 7 लड़के शामिल हैं। सभी घायलों को लाहौर जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पंजाब सरकार ने अस्पताल में इमरजेंसी घोषित कर इलाज के लिए अतिरिक्त डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ की तैनाती की है। राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हादसे पर दुख जताया है। पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने जिम्मेदार लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ आपराधिक कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

■ वर्ष-12 अंक-239 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल
मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

## सुभाषितानि

नलिनीदलगतजलमतितरलम्, तद्वज्जीवितमतिशयचपलम्।
विद्धि व्याध्यभिमानग्रस्तं, लोक शोकहतं च समस्तम्॥

**भावार्थ** : जीवन कमल-पत्र पर पड़ी हुई पानी की बूंदों के समान अनिश्चित एवं अल्प (क्षणभंगुर) है। यह समझ लो कि समस्त विश्व रोग, अहंकार और दुःख में डूबा हुआ है।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बृहस्पतिवासरः 02 जुलाई, 2026

नारीस्तनभरनाभीदेशम्, दृष्ट्वा मागा मोहावेशम्।
एतन्मान्सवसादिविकारम्, मनसि विचिन्तय वारं वारम्॥

**भावार्थ** : स्त्री शरीर पर मोहित होकर आसक्त मत हो। अपने मन में निरंतर स्मरण करो कि ये मांस-वसा आदि के विकार के अतिरिक्त कुछ और नहीं हैं।

## सम्पादकीयम्

### एसआईआर विषये विवादः

भारतस्य निर्वाचनआयोगेन पञ्चराज्यानां निर्वाचनदिनानि घोषितानि। यत्र राज्यानि, केन्द्रशासितक्षेत्रं च निर्वाचनं भविष्यति तत्र असम, पश्चिमबङ्गः, तमिलनाडुः, केरलः, पुडुचेरी-राज्यस्य यूटी च सन्ति। मुख्यनिर्वाचनआयुक्तः ज्ञानेशकुमारः एतेषु क्षेत्रेषु निर्वाचनस्य पूर्वं अनेकाः आव्हानाः सम्मुखीभवितुं शक्नुवन्ति। नवीदिल्ली- असम, पश्चिमबङ्ग, तमिलनाडु, केरल-पुडुचेरी-संघराज्यस्य च पञ्चराज्यानां विधानसभानिर्वाचनस्य घोषणा कृता अस्ति। यद्यपि एते राज्यस्तरीयनिर्वाचनाः सन्ति तथापि अत्र पञ्जीकृतमतदातृणां संयुक्ता संख्या सम्पूर्णस्य संयुक्तराज्यस्य कुलमतदाताजनसंख्यां अतिक्रमति। मुख्यनिर्वाचनआयुक्तः ज्ञानेशकुमारः गर्वेण अवदत् यत् आस्ट्रेलिया, फ्रान्स, दक्षिण आफ्रिका, जर्मनी, कनाडादेशयोः संयुक्तमतदातावर्गः १७४ मिलियन (१७.४ कोटि) अस्ति तथापि मतदातानां निरपेक्षसंख्या अस्मिन् निर्वाचने प्राथमिकं आव्हानं न भवति। एसआईआर विषये विवादः : सीईसी इत्यनेन उक्तं यत् आयोगेन तत्परतायाः आकलनाय सर्वेषां मतदान-बद्धानां राज्यानां भ्रमणं कृतम् अस्ति। सः 'विशेषसघनपुनरीक्षण' प्रक्रियां प्रकाशितवान्, यत्र कोऽपि योग्यः मतदाता बहिः न त्यक्तव्यः, कोऽपि अयोग्यः मतदाता च निर्वाचनसूचौ न समाविष्टः इति।

महाराष्ट्रे टीईटी पेपर लीक इत्यस्मिन् प्रमुखा सफलता :

## त्रयः संदिग्धाः निरुद्धाः; परीक्षा स्थगितम्, अन्वेषणं तीव्रं भवति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई




महाराष्ट्रशिक्षकपात्रतापरीक्षायाः (टीईटी) २०२६ इत्यस्य कथितप्रश्नपत्रस्य लीकस्य विषये महत्त्वपूर्णं कदमम् अङ्गीकृत्य पुलिसैः त्रयः संदिग्धाः निरुद्धाः। परीक्षापत्रं विक्रीयते इति सूचनानुसारं कार्यं कृत्वा पुलिसैः जालं स्थापयित्वा त्रयः व्यक्तिः गृहीताः। ठाणेमण्डलस्य कोङ्गावपुलिसस्थाने एकः प्रकरणः पञ्जीकृतः अस्ति, तस्य विषये अन्वेषणार्थं विशेषजागृतिदलस्य गठनं कृतम् अस्ति।

महाराष्ट्र-टेट् २०२६ परीक्षा राज्ये २८ जून दिनाङ्के भवितुं निश्चिता आसीत्, परन्तु राज्यपरीक्षापरिषद् पत्रिकायाः लीकस्य शङ्कायाः कारणात् स्थगितवती। सम्पूर्णे महाराष्ट्रे १०२८ केन्द्रेषु एषा परीक्षा आयोजिता आसीत्, यत्र बहूनां अभ्यर्थिनः भागं गृह्णीयुः इति अपेक्षा आसीत्। स्थगनेन लक्षशः आकांक्षिणां असुविधा भविष्यति।

पुलिसाधिकारिणां मते शनिवासरे प्रातःकाले तेषां कृते गोपनीयसूचना प्राप्ता यत भिवाण्डीक्षेत्रे व्यक्तिभिः टेट् प्रश्नपत्रं विद्यते, ते च विक्रेतुं सज्जाः सन्ति। शीघ्रं कार्यं कृत्वा पुलिसाः जालं स्थापयित्वा शङ्कितान् निरुद्धवन्तः। तदनन्तरं राज्यपरीक्षापरिषदः अधिकारिणः आहूताः यत ते घटनास्थलात् प्राप्तानां सामग्रीनां परीक्षणं कुर्वन्तु।

महाराष्ट्रराज्यपरीक्षापरिषदः निदेशकः नन्दकुमार बेडसे इत्यनेन उक्तं यत् पुलिसैः बरामददस्तावेजानां मूलप्रश्नपत्रस्य विरुद्धं क्रॉस्-चेक कृतम्। प्रारम्भिकसत्यापनेन ज्ञातं यत् केचन प्रश्नाः वास्तविकपत्रेण सह मेलम् अकुर्वन्; फलतः परीक्षायाः अखण्डतां सुनिश्चित्य तत्क्षणमेव स्थगितस्य निर्णयः कृतः।

परिस्थितेः गम्भीरताम् अवलोक्य पुलिसैः कोङ्गावपुलिसस्थाने प्रकरणं पञ्जीकृतम् अस्ति। तदतिरिक्तं सम्पूर्णस्य घटनायाः सम्यक अन्वेषणं कर्तुं विशेषानुसन्धानदलस्य गठनं कृतम् अस्ति। एसआईटी परीक्षायाः पूर्वं प्रश्नपत्रं कथं लीक अभवत् इति निर्धारयिष्यति, तत्र सम्बद्धानां व्यक्तिनां पहिचानं करिष्यति, तथा च निश्चयं करिष्यति यत अस्य कार्यस्य पृष्ठे संगठितः गिरोहः आसीत् वा इति।

सम्प्रति अन्वेषणसंस्थाः निरुद्धानां त्रयाणां शङ्कितानां प्रश्नोत्तरं कुर्वन्ति। प्रश्नपत्रं केभ्यः प्राप्तम्, तस्य विनिमयरूपेण कियत् राशिः गृहीता इति ज्ञातुं पुलिसाः स्वस्य मोबाईलफोन-इलेक्ट्रॉनिक-यन्त्राणि, अन्यदस्तावेजानि च परीक्षन्ते

एषा घटना पुनः प्रतियोगितापरीक्षाणां सुरक्षाव्यवस्थायाः विषये गम्भीराः प्रश्नाः उत्थापितवन्तः। परीक्षायाः स्थगनस्य विषये स्वस्य नाराजगीं प्रकटयन्तः अभ्यर्थिनः अपराधिनां विरुद्धं कठोरकार्याणि, भविष्ये एतादृशघटनानां निवारणाय दृढपरिहाराः कार्यान्वितुं च आग्रहं कृतवन्तः।

राज्यपरीक्षामण्डलेन स्पष्टीकृतं यत् परीक्षायाः नूतना तिथिः शीघ्रमेव घोषिता भविष्यति। बोर्डेन अभ्यर्थिनः केवलं आधिकारिकसूचनासु एव अवलम्बितुं आग्रहः कृतः। इदानीं पुलिसेन उक्तं यत् अन्वेषणं सम्पन्नं जातं चेत् प्रकरणस्य पूर्णविवरणं प्रकटितं भविष्यति, यदि अन्यस्य कस्यचित् व्यक्तिस्य संलग्नता प्रकाशं प्राप्नोति तर्हि तेषां विरुद्धं अपि कठोरकानूनीकार्याणि क्रियन्ते इति।

प्रमुखः मादकद्रव्यतस्करी

## साजिशः विफलः; 'भाजपा' इति चिह्नितकारे त्रयः तस्कराः गृहीताः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इन्दौर

इन्दौरपुलिसस्य अपराधशाखा मुहर्रमकालस्य मादकद्रव्याणां आपूर्तिं कर्तुं साजिशं सफलतया विफलं कृतवती। सूचनानुसारं कार्यं कृत्वा पुलिसैः एमडी-मादकद्रव्याणां मालवाहकेन सह नगरं प्राप्ताः त्रयः कथिताः तस्कराः गृहीताः। अभियुक्तेन प्रयुक्ते याने भाजपा इति शिलालेखः आसीत्। पुलिसेन उक्तं यत्, संवीक्षणं परिहरितुं प्रयत्नरूपेण वाहनस्य चिह्नं एवं कृतम् आसीत्; तथापि ते स्पष्टीकृतवन्तः यत् अस्य वाहनस्य कस्यापि राजनैतिकदलेन सह वास्तविकः सम्बन्धः नास्ति। अन्वेषणं प्रचलति।

पुलिस-अनुसारं मुहर्रम-उत्सवात् पूर्वं अपराध-शाखां, गुप्तचर-एककं च उच्च-सजगतायां स्थापितं आसीत्। अस्मिन् काले रात्रौ विलम्बेन जागरितानां युवानां कृते मादकद्रव्याणां आपूर्तिविषये सूचना प्राप्ता। सूचनां गम्भीरतापूर्वकं गृहीत्वा विशेषदलस्य निमार्णं कृत्वा शङ्कितानां निगरानीयता आरब्धा।

अन्वेषणकाले पुलिसैः विक्रेतृणां विषये विवरणं, मादकद्रव्यविक्रयणं सम्बद्धस्य आपूर्तिजालस्य च विषये विवरणं एकत्रितम्। तदनन्तरं नूरा उर्फ फिरोज (श्रीबाग कालोनी निवासी), शिफाज उर्फ गब्बू (श्रीबाग कालोनी निवासी), अहमद उर्फ भय्यू (सिकन्दराबाद कालोनी निवासी) च गृहीताः। पुलिस उपायुक्तः (अपराधः) राजेश त्रिपाठी इत्यनेन उक्तं यत् आरोपिभ्यः ११.७ ग्रामं एमडी औषधं बरामदं कृतम्। त्रयः नगरं भ्रमन्तः आसन् यस्मिन् याने नम्बरप्लेट् नासीत्। सूचनायाः अनुसरणं कृत्वा पुलिसैः तिगारिया बादशाहमार्गे नाकाबंदीं कृत्वा वाहनं अवरुद्धय अन्वेषणकाले मादकद्रव्याणि बरामदं कृत्वा त्रयः गृहीताः। प्रारम्भिकपरीक्षायां ज्ञायते यत् अभियुक्ताः मुहर्रम-काले युवानां कृते एमडी-औषधानां आपूर्तिं कर्तुं सज्जाः आसन्।

## इण्डिगो पुनः उड्डयनं कटयति; दिल्ली सहितत्रयनगरेभ्यः सेवाः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

जबलपुरतः उड्डीयमानानां विमानयात्रिकाणां कृते जुलैमासः कष्टप्रदः भविष्यति। जुलैमासस्य नूतनं विमानयानस्य समयसूचीं प्रकाशित्वा इण्डिगो एयरलाइन्स इत्यनेन जबलपुरतः दिल्ली, नवी मुम्बई, बेङ्गलूरु च यावत् विमानयानानां संख्या न्यूनीकृता अस्ति। नूतनकार्यक्रमस्य अन्तर्गतं यात्रिकाणां कृते न केवलं सीमितविमानविकल्पानां अपितु अधिकविमानभाडानां सामना कर्तुं शक्यते। विमानसेवाद्वारा प्रकाशितस्य समयसूचनानुसारं जबलपुर-दिल्ली-जबलपुर-मार्गे द्वितीयं दैनिकं विमानं जुलै-मासस्य २ दिनाङ्कात् ३० जुलैपर्यन्तं प्रतिदिनं न प्रचलति; तस्य स्थाने वैकल्पिकदिनेषु उपलभ्यते।

## राशिफल

**मेष** : आज के दिन समझ के साथ अपने रिश्ते को मजबूत करें। फालतू तनाव से बचने के लिए फाइनेंशियल मैनेजमेंट पर ध्यान दें।

**वृषभ** : पर्सनल जीवन में उन्नति के अवसर खुद ही सामने आते हैं, सोच-समझकर डिसीजन लेने की आवश्यकता होती है।

**मिथुन** : आज के दिन नई संभावनाओं के लिए खुले रहें, लेकिन फैसले लेने में जल्दबाजी न करें।

**कर्क** : आज के दिन अपनी आदतों को बदलाव करके और तनाव के लेवल के प्रति सचेत रहकर अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें।

**सिंह** : आज के दिन प्रोफेशनल रूप से, बदलावों के लिए तैयार रहें। नई स्किल्स सीखने के लिए तैयार रहें।

**कन्या** : बदलाव को अपनाने, रिश्तों को बेहतर बनाने और विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए मोटिवेट किया जाता है।

**तुला** : आपको अपने पर्सनल और पेशेवर जीवन में नए मौके तलाशने पर फोकस करना होगा।

**वृश्चिक** : करियर में बदलावों को खुले दिमाग से अपनाएं, क्योंकि नए बिजनेस अप्रत्याशित सफलता की ओर ले जा सकते हैं।

**धनु** : आज के दिन खुद को ऐसी सिचूऐशन में पाएंगे, जो पर्सनल व प्रोफेशनल ग्रोथ की ओर ले जाएगी।

**मकर** : आज के दिन आर्थिक रूप से खर्चों को लेकर सतर्क रहें और बड़ा निवेश करने से पहले दो बार सोचें।

**कुंभ** : अनुभव के लिए धन और स्वास्थ्य पर नजर रखनी चाहिए। कुंभ राशि वालों को संतुलन पर जोर देने की जरूरत है।

**मीन** : अपनी एनर्जी लेवल को स्टेबल रखने के लिए संतुलित दिनचर्या को शामिल करके अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना याद रखें।

## ज्योतिष/वास्तु

# शनि करने वाले हैं नक्षत्र परिवर्तन, धन हानि से बचने के लिए ये 4 राशियां करें उपाय

इस बार शनि का नक्षत्र परिवर्तन कुछ राशियों के लिए चुनौतियां लेकर आ सकता है। विशेष रूप से 4 राशियों के लोगों को इस दौरान सतर्क रहने की आवश्यकता है, क्योंकि उन्हें विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। आइए जानते हैं शनि के प्रभाव से बचने के लिए कौन से उपाय किए जा सकते हैं।

जुलाई महीने की शुरूआत के साथ ही शनि देव अपने नक्षत्र में बदलाव करने जा रहे हैं। 2 जुलाई 2026 को सुबह 8 बजकर 22 मिनट पर शनि देव रेवती नक्षत्र के द्वितीय चरण में प्रवेश करेंगे। ज्योतिष शास्त्र में शनि का गोचर बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि इसका प्रभाव जीवन के कई पहलुओं पर गहराई से पड़ता है। इस बार शनि का नक्षत्र परिवर्तन कुछ राशियों के लिए चुनौतियां लेकर आ सकता है। विशेष रूप से 4 राशियों के लोगों को इस दौरान सतर्क रहने की आवश्यकता है, क्योंकि उन्हें विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। आइए जानते हैं किन राशियों को सावधानी बरतनी होगी और इससे बचने के लिए कौन से उपाय करने चाहिए।

**मेष राशि-** मेष राशि के जातकों के लिए शनि का यह परिवर्तन थोड़ा



कठिन समय ला सकता है। आर्थिक मामलों में अस्थिरता देखने को मिल सकती है और धन हानि की आशंका बनी रहेगी। इस अवधि में किसी भी प्रकार का निवेश करने से बचना बेहतर रहेगा। खर्चों पर नियंत्रण रखना बहुत जरूरी है, अन्यथा अनावश्यक खर्च आपकी परेशानी बढ़ा सकते हैं। मानसिक तनाव भी बढ़ सकता है, इसलिए संयम और सतर्कता बनाए रखें।

**सिंह राशि-** सिंह राशि वालों के लिए यह गोचर विशेष अनुकूल नहीं रहेगा। नौकरी करने वालों को कार्यस्थल पर सहकर्मियों के साथ मतभेद हो सकते हैं। काम का दबाव बढ़ेगा और करियर में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकते हैं। इस समय अपने व्यवहार और शब्दों पर नियंत्रण रखना बेहद जरूरी है। व्यापार से जुड़े लोगों को भी नुकसान उठाना पड़ सकता है, जिससे आर्थिक स्थिति प्रभावित हो सकती है।

**वृश्चिक राशि-** वृश्चिक राशि के जातकों पर इस नक्षत्र परिवर्तन का नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। मानसिक चिंता और तनाव में वृद्धि हो सकती है। आर्थिक मामलों में विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है, क्योंकि किसी पर भरोसा करने से नुकसान हो सकता है। इस समय उधार देने या नया निवेश करने से बचना समझदारी होगी। धन हानि की संभावना के चलते सावधानी बेहद आवश्यक है।

**कुंभ राशि-** कुंभ राशि के स्वामी स्वयं शनि देव हैं, फिर भी इस परिवर्तन का प्रभाव इन पर भी पड़ेगा। खर्चों में अचानक बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे बजट बिगड़ सकता है। व्यापार करने वाले लोगों को किसी भी नई डील को अंतिम रूप देने से पहले अच्छी तरह विचार करना चाहिए। साथ ही, किसी भी प्रकार के विवाद या बहस से दूर रहना आपके लिए लाभकारी रहेगा।

**शनि देव को प्रसन्न करने के उपाय-** शनिवार के दिन शनि मंदिर जाकर शनि देव को सरसों का तेल और तिल अर्पित करें। प्रतिदिन या प्रत्येक शनिवार ह्यॐ शं शनैश्चराय नमःह्व मंत्र का 108 बार जप करें। शनि के अशुभ प्रभाव को कम करने के लिए हनुमान जी की पूजा करें और मंगलवार व शनिवार को हनुमान चालीसा का पाठ करें।

आरसीबी के सीईओ बोले- कोहली बिना टीम की कल्पना भी नहीं की, लगातार चौथे सीजन 600+ रन बनाए

# विराट कोहली 4 साल और आईपीएल खेलेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ साउथम्पटन

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के सीईओ राजेश मेनन का मानना है कि विराट कोहली अगले चार साल तक आईपीएल खेलते रहेंगे। उन्होंने कहा कि कोहली की फिटनेस शानदार है और क्रिकेट के लिए उनकी भूख अब भी वैसी ही है। राजेश मेनन ने बातचीत में कहा कि आरसीबी और विराट कोहली एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।

राजेश के मुताबिक, हमने बिना कोहली के टीम की कल्पना भी नहीं की है। उन्होंने कहा कि क्रिकेट से संन्यास के बाद भी कोहली किसी न किसी रूप में फ्रेंचाइजी से जुड़े रह सकते हैं। वे फिट हैं और आईपीएल 2026 में आपने उनकी ऊर्जा, रन बनाने की क्षमता और रवैया देखा ही है।

**कोहली के लगातार चौथे सीजन 600+ रन-** आईपीएल 2026 में कोहली ने आरसीबी के लिए सबसे ज्यादा 16 मैचों में 675 रन बनाए। उन्होंने 165.84 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की, जो उनके आईपीएल करियर के किसी एक सीजन का बेस्ट स्ट्राइक रेट रहा। इसके साथ ही कोहली ने लगातार चौथे सीजन 600 से ज्यादा रन बनाने का कारनामा भी किया। फाइनल में कोहली ने नाबाद 75 रन की पारी खेली, जिसकी बदौलत बेंगलुरु लगातार दूसरी बार आईपीएल चैंपियन बना। टीम ने गुजरात टाइटंस को 5 विकेट से हराया।



### खेल के प्रति प्यार अब भी बरकरार

पिछले महीने विराट कोहली ने कहा था कि वह मैदान पर अपना दिल और जान लगा देते हैं क्योंकि एक दिन उनका करियर खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा कि वह हर दिन का पूरा आनंद लेना चाहते हैं और दबाव वाली परिस्थितियों में खुद को चुनौती देना पसंद करते हैं। कोहली के मुताबिक, खेल सिर्फ प्रदर्शन नहीं सिखाता बल्कि इंसान का चरित्र भी बनाता है। उन्होंने कहा कि इतने सालों बाद भी उनके अंदर खेल के प्रति वही प्यार है और बल्ले के बीचोंबीच गेंद लगने की खुशी अब भी वैसी ही महसूस होती है।

### 2027 वर्ल्ड कप तक खेलने की इच्छा

- टेस्ट और टी-20 क्रिकेट से संन्यास ले चुके कोहली पहले ही साफ कर चुके हैं कि वह 2027 वनडे वर्ल्ड कप तक खेलना चाहते हैं। उन्होंने कहा था कि अगर वह क्रिकेट खेल रहे हैं तो उनका लक्ष्य आगे भी खेलते रहना और भारत के लिए वर्ल्ड कप खेलना है।
- हालांकि हैमस्ट्रिंग चोट के कारण वे अफगानिस्तान के खिलाफ मौजूदा वनडे सीरीज से बाहर हो गए थे। उम्मीद है कि कोहली जुलाई में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज तक पूरी तरह फिट हो जाएंगे।

### खुद को साबित करने की जरूरत महसूस नहीं करना चाहते

- आरसीबी पॉडकास्ट में कोहली ने कहा था कि उनका नजरिया बिल्कुल साफ है। अगर वह टीम के माहौल में योगदान दे सकते हैं और टीम को भी ऐसा लगता है, तो वह खेलते रहेंगे।
- उन्होंने कहा कि वह हर मैच में अपनी कीमत साबित करने के दबाव में नहीं खेलना चाहते। कोहली के मुताबिक, वह अपनी तैयारी और मेहनत के प्रति पूरी तरह ईमानदार रहते हैं। मैदान पर वह टीम के लिए हर संभव योगदान देने को तैयार रहते हैं, चाहे बल्लेबाजी हो, फील्डिंग हो या विकेटों के बीच दौड़ना। कोहली ने कहा कि वह अब किसी को कुछ साबित करने के लिए नहीं खेलते। वह सिर्फ इसलिए खेलते हैं क्योंकि उन्हें क्रिकेट से प्यार है।

## क्रिस्टियानो रोनाल्डो के सामने लुका मोड्रिच

ब्रह्मास्त्र ▸▸ स्पेन

फीफा वर्ल्ड कप 2026 में क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल और लुका मोड्रिच की क्रोएशिया के बीच मुकाबला होगा। दोनों टीमें वर्ल्ड कप के इतिहास में पहली बार एक-दूसरे के खिलाफ खेलेंगी। यह मैच टोरंटो स्टेडियम में सुबह 4:30 बजे से खेला जाएगा। इससे पहले स्पेन और ऑस्ट्रिया के बीच मुकाबला होगा। फुटबॉल वर्ल्ड कप में 44 साल बाद दोनों टीमों की भिड़ंत हो रही है। मैच रात 12:30 बजे से लॉस एंजिल्स स्टेडियम में होगा। तीसरा मुकाबला स्विट्जरलैंड और अल्जीरिया के बीच सुबह 8:30 बजे से बीसी प्लेस वैंकूवर में शुरू होगा। तीनों मैच भारतीय समयानुसार 3 जुलाई को खेले जाएंगे। स्पेन और ऑस्ट्रिया के बीच अब तक कुल 16 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें स्पेन का पलड़ा भारी रहा है। स्पेन ने 9 मैच जीते हैं। ऑस्ट्रिया को 4 मुकाबलों में जीत मिली है। वहीं 3 मैच ड्रॉ रहे हैं। फीफा वर्ल्ड कप में दोनों की यह दूसरी भिड़ंत होगी। इससे पहले 1978 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रिया 2-1 से जीता था।

## भारत-इंग्लैंड पहला टी-20 बारिश की वजह से बेनतीजा रहा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ चेस्टर

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टी-20 सीरीज का पहला मुकाबला बेनतीजा रहा। चेस्टर-ली-स्ट्रीट में लगातार बारिश के कारण इंग्लैंड की पारी शुरू ही नहीं हो सकी। इससे पहले भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 189 रन बनाए थे।

भारतीय टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही। संजू सैमसन सिर्फ एक रन बनाकर आउट हो गए। ईशान किशन शून्य पर रनआउट होकर पवेलियन लौटे। इसके बाद अभिषेक शर्मा और कप्तान श्रेयस अय्यर ने तीसरे विकेट के लिए 38 बॉल पर 82 रन की साझेदारी कर पारी संभाली। अभिषेक ने 24 गेंदों में 59 रन की पारी खेली। उन्होंने 6 चौके और 4 छक्के लगाए। कप्तान श्रेयस अय्यर ने बतौर कप्तान अपना पहला अर्धशतक जमाया। उन्होंने 68 रन की पारी में 6 चौके और एक छक्का लगाया। आखिरी में शिवम दुबे 21 गेंदों पर 42 रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड की ओर से तेज गेंदबाज साकिब महमूद ने सबसे ज्यादा 3 विकेट झटके। इस मुकाबले में भी 15 साल के वैभव सूर्यवंशी को डेब्यू का मौका नहीं मिला। वे आयरलैंड दौरे पर खेले गए दोनों मैचों में भी टीम से बाहर थे। भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा टी-20 4 जुलाई को मैनचेस्टर में खेला जाएगा।

## खबर एक नजर...

### होम लोन की किश्त वसूलने पहुंचे फायनेंसकर्मियों से मारपीट

**उज्जैन।** चिंतामण थाना क्षेत्र के ग्राम अजराना में रहने वाले राकेश चौहान ने निजी फायनेंस कंपनी से होम लोन लिया था। जिसकी प्रतिमाह 8 हजार रुपए किश्त आ रही थी। 4 माह से राकेश द्वारा किश्त जमा नहीं की गई। जिसके चलते फायनेंसकर्मी अर्पित पिता रामशंकर दीक्षित 26 साल निवासी छतरपुर हाल मुकाम अन्नपूर्णा नगर नानाखेड़ा, निर्जरा पिता मुकेश कुमार जैन गुना हाल मुकाम महाकाल वाणिज्य केन्द्र और इमरानल पिता मोहम्मद मुमताज अली निवासी कुशीनगर उत्तरप्रदेश हाल मुकाम अलखनंदा नगर ग्राम अजराना पहुंचे थे। जहां राकेश चौहान से किश्त जमा करने को कहा तो राकेश ने विवाद करते हुये अपने साथियों के साथ फायनेंसकर्मियों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। मारपीट में चोंट लगने पर तीनों फायनेंसकर्मी चिंतामण गणेश थाना पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। एएसआई ओमप्रकाश मालवीय ने बताया कि राकेश और उसके साथियों की तलाश जारी है। राकेश के हिरासत में आने पर उनके साथियों के नाम सामने आ पायेगें।

### झारडा में मुंडला सौंधिया टोल प्लाजा पर हुई तोड़फोड़

**उज्जैन।** झारड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम मुंडला सौंधिया टोल प्लाजा पर तोड़फोड़ और मैनेजर से हफ्ता मांगने का मामला सामने आया है। झारड़ा थाना पुलिस ने बताया कि टोल के अतिरिक्त मैनेजर अखिलेश पिता रामसूरत सिंह 28 साल निवासी बिथरिया परसपुर जिला बलरामपुर उत्तरप्रदेश की शिकायत पर भारतसिंह और कृष्णासिंह के खिलाफ धारा 119 (1), 296 बी, 351 (3), 324 (4), 3 (5) बीएनएस का प्रकरण दर्ज किया गया है। मैनेजर के अनुसार दोनों आरोपियों ने टोल नहीं लेने और 10 हजार रुपए हफ्ता देने की मांग करते हुये गाली-गलौच की ओर टोल का बूम आर्म्स तोड़कर निकल गये। पुलिस के अनुसार मामले में जांच की जा रही है।

### नीमनवासा में 3 दिनों से शराब पी रहे व्यक्ति की मौत

**उज्जैन।** भैरवगढ़ क्षेत्र के ग्राम तुमडावदा में रहने वाला विक्रमसिंह पिता मांगीलाल 43 साल कुछ समय से नीमनवासा ससुराल में रहकर मजदूरी का काम कर रहा था। 3 दिनों से वह लगातार शराब पी रहा था। बुधवार शाम अचानक उल्टी-दस्त शुरु हो गये। परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। ड्युटी कम्पाउंडर राजेन्द्र पटेल द्वारा मामले की सूचना पंवासा थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पोस्टमार्टम कक्ष में रखा है। गुरूवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

### सिंहस्थ प्रशिक्षण केन्द्र में 400 आरक्षको का विशेष प्रशिक्षण

**उज्जैन।** सिंहस्थ 2028 को लेकर मध्यप्रदेश पुलिस के विभिन्न जिलों में पदस्थापना प्राप्त कर चुके और अपना आधारभूत प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके 400 आरक्षकों को सिंहस्थ ड्युटी के लिये प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बुधवार को विशेष प्रशिक्षण का शुभारंभ सिंहस्थ प्रशिक्षण केन्द्र में किया गया। प्रथम दिन सभी आरक्षकों को महापर्व की विशालता, संवेदनशीलता को बताया गया और भीड़ प्रबंधन, कानून-व्यवस्था संधारण, श्रद्धालुओं की सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, यातायात नियंत्रण, घाटों, धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था, वीआईपी ड्यूटी, संचार, समन्वय व्यवस्था, आमजन के साथ शालीन व्यवहार संबंधी महत्वपूर्ण विषयों पर व्यवहारिक, विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। आरक्षकों को कक्षा प्रशिक्षण के साथ-साथ फील्ड विजिट कराया जायेगा। उन्हें क्षिप्रा के रामघाट से लेकर अन्य प्रमुख घाटों और महाकालेश्वर मंदिर परिसर, सिंहस्थ क्षेत्र के महत्वपूर्ण स्थलों भ्रमण कराया जाएगा, ताकि वे वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप प्रभावी पुलिसिंग कर सकें। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे आरक्षकों को आगामी श्रावण मास में महाकालेश्वर मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं और सवारी मार्ग का अनुभव भी कराया जायेगा। प्रशिक्षण सत्र में उपपुलिस अधीक्षक भारतसिंह यादव, रक्षित निरीक्षक रणजीतसिंह द्वारा आरक्षकों को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, संवेदनशीलता एवं जनसेवा की भावना के साथ ड्यूटी करने का मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उज्जैन द्वारा सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को लेकर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम लगातार आयोजित किये जा रहे हैं।

### सार्वजनिक क्षेत्र को बचाए रखना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी

**उज्जैन।** ऑल इंडिया इंश्योरेंस एम्प्लॉईज एसोसिएशन के स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने पर उज्जैन-2 और सीएबी शाखा द्वारा संयुक्त रूप से प्लैटिनम जुबली समारोह का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने संगठन के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान परिवेश में सार्वजनिक क्षेत्र को बचाए रखने को सभी की सबसे बड़ी जिम्मेदारी बताया। कार्यक्रम में इंश्योरेंस एम्प्लॉईज यूनियन के संयुक्त सचिव कुलदीप सिंह क्षत्रिय ने सभा को संबोधित करते हुए पिछले 75 वर्षों में संगठन के संघर्ष, उपलब्धियों और बीमा उद्योग के सामने मौजूद चुनौतियों का विस्तार से उल्लेख किया। समारोह में उज्जैन-2 और सीएबी शाखा के समस्त कर्मचारी, अधिकारी, पेंशनर्स, अभिकर्ता, बिरादराना संगठनों के प्रतिनिधि और अस्थायी कर्मचारियों सहित कुल 82 लोगों ने उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर पेंशनर्स एसोसिएशन के सदस्यों का विशेष रूप से सम्मान और स्वागत किया गया। स्वागत भाषण प्रकाश बंगार ने दिया।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 289-9 | 446-4 |
| मेन बाजार | 258-5 | 789-4 |
| मिलन डे | 223-7 | 668-0 |
| मिलन नाइट | 389-0 | 779-3 |

3 7 9

---

**पति को छोड़ महिला ने किया था दूसरा विवाह, 3 हिरासत में**

# महिला के बाल काटे, जूतों की पहनाई मालाकर निकाला जुलूस

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

दूसरे पति के साथ गांव लौटी महिला को पहले पति के परिवार ने पकड़ लिया। उसके बाल काटे गये, कपड़े फाड़े गये और जूतों की माला पहनाई गई। महिला को उसके दूसरे पति के साथ गांव में घूमाया गया। महिला-पुरूष का जुलूस निकालने की खबर मिलते ही पुलिस पहुंची। 3 को हिरासत में लिया गया। 8 की तलाश में दबिश दी जा रही है।



मामला झारड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम हरनिया वेना से सामने आया है। थाना प्रभारी आनंद भाबोर ने बताया कि थाना भवन से 20 किलोमीटर दूर गांव से एक व्यक्ति द्वारा कॉल किया गया और बताया कि गांव में रहने वाली महिला और युवक का कुछ लोगों द्वारा जुलूस निकाला जा रहा है। महिला के बाल काट दिये गये है, उसके कपड़े भी फाड़े है। युवक को भी इसी तरह से महिला के साथ जूतों की माला पहनाई गई है। मामला संवेदनशील होने पर तत्काल पुलिस हरनिया वेना गांव पहुंची। पुलिस को देख कुछ लोग भाग निकले। मौके से 3 को पकड़ा गया, जिसमें सुमेरसिंह, बद्रीलाल और कचरू है। तीनों को हिरासत में लिया गया और थाने लाया गया। महिला और युवक को भी पुलिस साथ लेकर आई। पूछताछ और जांच करने पर सामने आया कि घटना में महिला के पूर्व पति का परिवार और गांव के लोग शामिल है। थाना प्रभारी के अनुसार 11 लोगों के खिलाफ मामले में प्रकरण दर्ज किया गया है। गांव से भागे लोगों की तलाश में एक टीम दबिश देकर गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

**इनका कहना-** महिला और युवक का जूतों की माला पहनाकर जुलूस निकालने का मामला सामने आने के बाद पुलिस पहुंची थी। 3 लोगों को हिरासत में लिया गया। 11 लोगों के खिलाफ नामजद प्रकरण दर्ज किया गया है। मामले से जुड़े फरार लोगों की तलाश जारी है।

**करणदीप सिंह, एएसपी ग्रामीण**

#### महिला ने 3 साल पहले छोड़ा पति को

बताया जा रहा है कि 30 वर्षीय महिला का गांव के युवक से विवाह हुआ था। 3 साल पहले वह पति को छोड़ गांव में रहने वाले दूसरे युवक के साथ चली गई थी और विवाह कर लिया था। उसके बाद से दोनों लगातार गांव से दूर रह रहे थे। 3 साल बाद मंगलवार को दोनों गांव लौटते थे। इस बात की जानकारी महिला के पहले पति के परिवार को मिल गई। पूर्व ससुर ने गांव वालों को एकत्रित किया और दोनों को पकड़ लिया।

#### कुछ लोगों से जप्त किये मोबाइल

महिला और युवक का जूतों की माला पहनाकर जुलूस निकालने का मामला सामने आने पर पुलिस हरिनया वेना गांव पहुंची थी। सबसे पहले मामला शांत कराया गया। उसके बाद पता चला कि महिला और युवक के जुलूस का कुछ ग्रामीणों ने मोबाइल से वीडियो बनाया है। पुलिस ने उनकी पहचान की उनसे मोबाइल जप्त किये और वीडियो डिजीट किये। थाना प्रभारी भाबोर के अनुसार वीडियो वायरल होने की जानकारी सामने नहीं आई है।

---

**हजारों ड्रोन के साथ लाखों सुरक्षाकर्मी अमरनाथ यात्रियों की सुरक्षा में तैनात**

# पहले जत्थे में उज्जैन के श्रद्धालु भी आज दर्शन के लिए रवाना होंगे

### देश भर से पहुंचे सेवादारों ने पडावों पर लगाए सैंकडों लंगर, कल होंगे बाबा बर्फानी के पहले दर्शन

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ जम्मू/उज्जैन**

अमरनाथ की पवित्र गुफा में बने पवित्र हिम शिवलिंग के लिए गुरूवार सुबह श्रद्धालुओं का पहला जत्था जम्मू से बाबा अमरनाथ की पवित्र यात्रा के लिए रवाना होगा। मौसम के साफ होने की स्थिति में यह जत्था शुक्रवार 3 जुलाई की शाम को 14500 फुट की ऊंचाई पर बाबा अमरनाथ की गुफा में पहुंचकर हिमलिंग के प्रथम दर्शन करेगा। प्रथम जत्थे में उज्जैन के श्रद्धालु भी शामिल होंगे। इधर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए हजारों ड्रोन एवं लाखों सुरक्षाकर्मी मार्ग में तैनात किए गए हैं। इसके साथ ही देशभर से पहुंचे सेवादारों ने मार्ग में सैंकडो लंगर श्रद्धालुओं के लिए लगाए हैं।



#### सीआरपीएफ, बीएसएफ और सेना तैनात

जम्मू से लेकर बालटाल तथा पहलगाम तक के यात्रा मार्ग की सुरक्षा को सेना, केरिपुब के हवाले किया जा चुका है। पहलगाम से गुफा तथा बालटाल से गुफा तक के रास्तों पर सेना और बीएसएफ भी स्थानीय पुलिस का साथ दे रही है। जबकि गुफा के बाहर इस बार सुरक्षा का जिम्मा आईटीबीपी के हवाले है। हजारों की तादाद में ड्रोन और मुश्की कुत्ते भी श्रद्धालुओं की सुरक्षा में लगाए गए हैं। अमरनाथ यात्रा के जत्थों की सुरक्षा के लिए वायुसेना के लड़ाकू हेलिकाप्टरों को भी तैनात किया गया है।

मंगलवार को उज्जैन से रवाना होकर बुधवार को जम्मू पहुंचे श्रद्धालुओं ने बताया कि करीब प्रतिदिन 15 हजार श्रद्धालुओं को पहलगाम तथा बालटाल के रास्ते यात्रा में शामिल होने की अनुमति दी गई है। मार्ग में सुरक्षा के लिए सेना सहित अन्य सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है।करीब 58 दिनों तक लखनपुर से लेकर गुफा तक श्रद्धालुओं की सेवा में ये रहेंगे। अमरनाथ श्राईन बोर्ड के सूत्रों के अनुसार इस वर्ष अब तक करीब साढ़े चार लाख श्रद्धालुओं ने अपना पंजीयन यात्रा के लिए करवाया है। मंगलवार से जम्मू में आन स्पाट पंजीयन भी प्रारंभ किया जा चुका है। यात्रा का मुख्य बेस कैंप जम्मू के यात्री भवन में बनाया गया है। यहां अत्यधिक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। बगैर अनुमति और जांच के यहां परिंदा भी पर नहीं मार सकता है।

---

**महाकाल मंदिर में आए दान का सत्यापन हो-महापौर**

# सोने-चांदी के जेवरात का सत्यापन और उसे उपयोगी बनाने के लिए लिखा पत्र

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित किए जाने वाले सोने-चांदी के आभूषणों की सुरक्षा और उपयोग को लेकर उज्जैन महापौर मुकेश टटवाल ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने जिला कलेक्टर एवं श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष को पत्र लिखकर दान में प्राप्त स्वर्ण-रजत आभूषणों का पारदर्शी भौतिक सत्यापन कराने और उनके उचित उपयोग की मांग की है।

महापौर ने 29 जून को लिखे पत्र में कहा है कि भगवान महाकाल के दर्शन के लिए देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। श्रद्धालु अपनी आस्था के चलते मंदिर में बड़ी मात्रा में सोना, चांदी, अन्य कीमती आभूषण और नकद राशि अर्पित करते हैं। ऐसे में दान सामग्री का सही रिकॉर्ड, सत्यापन और उपयोग होना जरूरी है। महापौर ने पत्र में बताया कि पूर्व में दान में आई सामग्री के मूल्यांकन, सत्यापन और उपयोग को लेकर मंदिर प्रबंध समिति के माध्यम से एक विशेष समिति बनाई गई थी, लेकिन योजना पर पूरी तरह अमल नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि समिति का उद्देश्य था कि मंदिर में आने वाली सोना, चांदी, पीतल और अन्य सामग्री का सत्यापन किया जाए और यह तय किया जाए कि उसका बेहतर उपयोग कैसे किया जा सकता है।

#### दान सामग्री का व्यवस्थित रिकॉर्ड और सत्यापन जरूरी

महापौर मुकेश टटवाल ने बताया कि मंदिर में आने वाले दान का रिकॉर्ड व्यवस्थित तरीके से रखा जाता है और व्यवस्थाएं ठीक चल रही हैं, लेकिन पहले गठित समिति के माध्यम से दान सामग्री के सत्यापन और उपयोग को लेकर जो प्रक्रिया शुरू हुई थी, उसे आगे बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि समिति में वे भी शामिल थे। कलेक्टर द्वारा सूची उपलब्ध कराई गई थी और इस विषय में बैठक भी हुई थी, लेकिन चुनाव आचार संहिता लगने के बाद यह प्रक्रिया रुक गई। अब पत्र लिखकर उसी विषय को दोबारा आगे बढ़ाने की मांग की गई है।

#### मंदिर प्रशासन बोला- जेवरात पूरी तरह सुरक्षित

वहीं श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के सहायक प्रशासक आशीष फलवाडियां ने बताया कि श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए गए जेवरातों का वैल्यूअर से सत्यापन कराया जाता है। इसके बाद उन्हें सुरक्षित रूप से कोठार में जमा किया जाता है। उन्होंने कहा कि दान सामग्री का रोजाना ऑडिट भी किया जाता है और पूरी प्रक्रिया रिकॉर्ड के अनुसार चल रही है। मंदिर प्रशासन के अनुसार दान में आने वाली सामग्री पूरी तरह सुरक्षित है।

---

# भाई के घर से लौटा तो टूटा मिला मकान का ताला, आभूषण-नगदी चोरी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**



**पुलिस खंगाल रही कैमरे**

ढांचा भवन में बुधवार सुबह एक मकान में चोरी की वारदात होना सामने आया। सूचना मिलने पर पुलिस जांच के लिये पहुंची। मकान में रहने वाले आटो चालक ने बताया कि सोने-चांदी के आभूषणों के साथ नगदी चोरी हुई है। पुलिस आसपास लगे कैमरों के फुटेज खंगालने का प्रयास कर रही है।

चिमनगंज थाना एएसआई रमेश सेन ने बताया कि ढांचा भवन में जयप्रकाश खत्री ने सुबह सूचना दी कि उसके मकान में चोरी की वारदात हुई। मकान का ताला टूटा हुआ है। जांच के लिये मौके पर पहुंचे तो मकान में सामान बिखरा पड़ा था। जयप्रकाश से पूछताछ करने पर पता चला कि वह आटो चलता है। उसका बंटी नामक युवक से विवाद चल रहा है। जिसके चलते वह रात में 10 बजे वह मकान का ताला लगाकर क्षेत्र में रहने वाले भाई के घर चला गया था। सुबह वापस लौटा तो चोरी का पता चला। उसका कहना था कि बदमाश सोने के कुछ आभूषण, चांदी की रकम और नगदी चुराकर ले गये है। एएसआई सेन के अनुसार आटो चालकका कहना था कि उसकी पुत्री बंटी के साथ चली गई है। जिसके चलते उससे विवाद चला आ रहा है। बंटी ने उसे धमकाया था, जिसके चलते वह रात में भाई के घर सोने चला गया था। पुलिस जांच में मामला चोरी से जुड़ा होना प्रतीत हो रहा था। जिसके चलते क्षेत्र में लगे कैमरों के फुटेज देखे जा रहे है। शहर में कुछ दिनों के दौरान दूसरा चोरी का मामला सामने आया है। 3 दिन पहले ऋषिनगर में मेडिकल व्यवसाई के मकान में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई थी। मेडिकल व्यवसाई किराये से रहता है और परिवार के साथ पैतृक घर शाजापुर गया था।

---

**दिल्ली से उज्जैन लाई पुलिस, अब तक 5 गिरफ्त में**

# ठगी की राशि से गोल्ड खरीदी में शामिल था बीटेक छात्र

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

साइबर ठगी की राशि से गोल्ड खरीदी करने वाले गिरोह में शामिल बीटेक छात्र को दिल्ली से बुधवार को गिरफ्तार कर उज्जैन लाया गया है। जिसे कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया। अब तक मामले में पांच आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है।



माधवनगर थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि 18 जून को नर्मदापुरम के रहने वाले कशिश पिता सुनील, राहुल उर्फ शानू पिता अरुण और अनिमेश उर्फ अनुराग उर्फ अन्नी पिता अभय को सखीपुरा स्थित होटल हीरा पैलेस में दबिश देकर गिरफ्तार किया था। तीनों ने शहर के चार ज्वेलर्स के यहां क्यूआर कोड से साइबर ठगी की राशि का ट्रांजेक्शन कर गोल्ड क्वाइन खरीदे थे। तीनों के गिरफ्त में आने पर उनके गिरोह से जुड़े साथियों की तलाश शुरू की गई थी। गिरोह में शामिल एक आरोपी की जानकारी मिलने पर एसआई सालगराम चौहान की टीम को दिल्ली रवाना किया गया था। जहां से प्रियांशु रंजन 22 वर्ष को गिरफ्तार कर उज्जैन लाया गया है। वह कम्प्यूटर साइंस में बीटेक कर चुका है। वर्तमान में दिल्ली की एक कंपनी में ट्रेडिंग का काम कर रहा था। प्रियांशु मूलरूप से बिहार का रहने वाला है। उसे बुधवार दोपहर कोर्ट में पेश कर 3 जुलाई तक रिमांड पर लिया गया है। पूछताछ में गिरोह से जुड़े अन्य साथियों की जानकारी सामने आ सकती है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि उसे साइबर का कॉफी नॉलेज है। वह अंतर्राज्यीय स्तर पर लोगों के साथ ठगी करता था। रिमांड अवधि की पूछताछ में कई महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ सकती है।

#### चौथे आरोपी को भेजा गया जेल

विदित हो कि माधवनगर थाना पुलिस ने घासमंडी चौराहा पर डीपीके गोल्ड शोरुम के प्रबंधक की शिकायत पर मामला दर्ज किया था और सबसे पहले नर्मदापुरम के 3 आरोपी कशिश, राहुल और अनिमेश को गिरफ्तार किया था। जिन्हे पूछताछ के बाद जेल भेजा गया था। उनकी निशानदेही पर गिरोह में गौरखपुर के रहने वाले शौकत गौड़ को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया गया था। उससे मिले सुराग के आधार पर दिल्ली से प्रियांशु को गिरफ्तार किया गया है। शौकत का बुधवार को रिमांड खत्म होने पर उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

#### ऐसे सामने आया था मामला

डीपीके गोल्ड शोरूम से हुई गोल्ड क्वाईन की खरीदी के बाद क्यूआर कोड से भुगतान किया था। गोल्ड शोरूम के खाते में सायबर ठगी की राशि आते ही खाता होल्ड हो गया था। जिसके बाद मामला सामने आया था। पुलिस जांच में पता चला था कि शहर के 2 ज्वेलर्स के खातों में भी ठगी राशि आई। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर प्रदेश का पहला मामला उजागर किया था। जिसके बाद भोपाल में 4 ज्वेलर्स के होल्ड हुये खातों की जानकारी सामने आई थी। भोपाल में भी उज्जैन पुलिस की गिरफ्त में आया गिरोह शामिल है।

---

**यू-ट्यूब से सीखा तरीका, चालू करने के नाम पर लेता था रुपए**

# हिरासत में ई-रिक्शा की बेटरी लॉक कर ठगी करने वाला युवक

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

कुछ दिनों से चलती ई-रिक्शा अचानक बंद होने और कुछ देर बाद एक युवक द्वारा आकर चालू करने के नाम पर रुपए मांगने का मामला पुलिस के पास पहुंचते ही थाना पुलिस के साथ क्राइम ब्रांच की टीम अलर्ट हो गई। बुधवार को बेटरी लॉक कर ठगी करने वाले को दबोच लिया गया। जिससे पूछताछ जारी है।

एएसपी आलोक शर्मा ने बताया कि कुछ ई-रिक्शा चालकों ने बताया था कि उनकी रिक्शा सूनसान रास्तों पर अचानक बंद होने के बाद कुछ युवक आकर चालू करने की बात कहते है और बदले में 200 से 300 रूपयों की मांग कर रहे है। उनके द्वारा रिक्शा चालू करने का वीडियो भी बनाया जा रहा है। चालकों ने यह भी बताया कि रिक्शा की बेटरी और सिस्टम को मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से प्रभावित किया जा रहा है। मामला सायबर ठगी से जुड़ा है। मामले में गंभीरता से जांच शुरू की गई और थाना पुलिस के साथ क्राइम ब्रांच को अलर्ट किया गया। बुधवार शाम मामले में रिक्शा की बेटरी लॉक कर ठगी में शामिल एक युवक हिरासत में आ गया। जिसके खिलाफ नीलगंगा थाना पुलिस ने धोखाधड़ी और आईटी एक्ट का प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि युवक रितेश पिता मदन भानूपा 18 साल निवासी भैरवगढ़ क्षेत्र का रहने वाला है। जिसके साथियों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।



#### युट्युब पर देखा, प्ले स्टोर से किया डाउनलोड

ई-रिक्शा चालकों से ठगी करने वाले युवक से प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि उसने बेटरी लॉक करने का तरीका यूट्युब पर देखा था। वहीं से सीखा और प्ले स्टोर से बेट बीएमएस एप डाउनलोड किया। मोबाइल के माध्यम से एप से ब्लूटुथ लगी बेटरी को लॉक करता था। बताया जा रहा है कि उसने लोटी तिराहा पर भैरवगढ़ क्षेत्र के रहने वाले अजय चौधरी की रिक्शा की बेटरी को लॉक किया था। पुलिस अलर्ट थी पता चलते ही यातायात पुलिस की मदद से उसे पकड़ा गया। नीलगंगा थाना प्रभारी के अनुसार अजय चौधरी की शिकायत पर ठगी करने वाले युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

#### पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

ई-रिक्शा की बेटरी लॉक कर चालकों से ठगी का सनसनी खेज मामला सामने आने पर पुलिस की ओर से एडवाइजरी की गई है। जिसमें कहा गया कि रिक्शा अचानक बंद हो तो घबराये नहीं। किसी अज्ञात व्यक्ति के झांसे में आकर वाहन चालू कराने के नाम पर नगद या ऑनलाइन भुगतान ना करे। वाहन में तकनीकी खराबी आने पर अधिकृत सेंटर या कंपनी के टेक्नीशियन से संपर्क करे। अंजान व्यक्ति को वाहन या बेटरी में छेडछाड़ ना करने दे। यदि कोई व्यक्ति वाहन चालू करने के नाम पर रूपयों की मांग करता है तो उसका फोटो, वीडियो के साथ वाहन का पंजीयन क्रमांक सुरक्षित रखने का प्रयास करें और तत्काल डायल 112 या साइबर हेल्पलाइन 1930 पर सूचना दें। किसी भी अपुष्ट अथवा भ्रामक जानकारी पर विश्वास न करें तथा बिना सत्यापन के ऐसी सूचनाओं को सोशल मीडिया पर प्रसारित करने से बचें। अफवाहें फैलाना भी कानूनन दंडनीय हो सकता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com